रोहतक
मंगलवार, 6 मई 2025
वैशाख मास कृष्ण पक्ष, नवमी वर्ष : 29, अंक : 95
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**मौसम**
अधि. 34.3
न्यून. 17.9

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | बढ़त |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 80,796.84 | 294.85 ▲ |
| निफ्टी | 24,461.15 | 114.45 ▲ |
| **धातु** | **कीमत** | **तेजी** |
| सोना | 97,350 /- | +550/- ▲ |
| चांदी | 96,700/- | -400/- ▼ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | उछाल/नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 84.33 | 24 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल | 60.40/ बैरल | 1.45% ▼ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।



**विधानसभा के विशेष सत्र में पंजाब के सीएम बोले- बीबीएमबी भाजपा की कठपुतली बना**

# जल पर तकरार बरकरार, भगवंत बोले-पंजाब के पानी की एक भी बूंद हरियाणा को नहीं देंगे

## भाखड़ा बोर्ड असंवैधानिक तरीकों से हमारे जल अधिकार को कमजोर कर रहा, यह बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड (बीबीएमबी) के पानी को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। पंजाब सरकार ने विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया और इसमें सीएम भगवंत मान ने कहा कि हम पंजाब के हिस्से का एक बूंद पानी भी हरियाणा को नहीं देंगे। इसके लिए चाहे हमें कुछ भी करना पड़े। विस सत्र के दौरान पंजाब के जल संसाधन मंत्री बरिंदर गोयल ने एक प्रस्ताव पेश किया। इसमें बीबीएमबी द्वारा हरियाणा को अतिरिक्त 8500 क्यूसेक पानी छोड़े जाने के फैसले का कड़ा विरोध किया गया। सदन में कहा कि 'अतिरिक्त पानी की बूंद' नहीं छोड़ी जाएगी। गोयल ने बीबीएमबी पर भाजपा की कठपुतली के रूप में काम करने और अवैध और असंवैधानिक तरीकों से पंजाब के जल अधिकारों को कमजोर करने की साजिश रचने का आरोप लगाया। गोयल ने कहा कि पंजाब ने मानवीय आधार पर हरियाणा को 4,000 क्यूसेक पानी दे दिया है, लेकिन अपने हिस्से से कोई अतिरिक्त पानी नहीं छोड़ेगा।

### पंजाब विधानसभा में ये प्रस्ताव पारित

1. **पानी नहीं देंगे :** पंजाब सरकार अपनी हिस्सेदारी का एक भी बूंद पानी हरियाणा को नहीं देगी। पेयजल के उद्देश्य से हरियाणा को दी जा रही 4000 क्यूसेक पानी मानवता के आधार पर जारी रहेगी।
2. **बीबीएमबी की बैठक बुलाने की निंदा:** भाजपा द्वारा बीबीएमबी की बैठक बुलाई जाने की अवैध और असंवैधानिक कार्रवाई की कड़ी निंदा की।
3. **बीबीएमबी का पुनर्गठन:** वर्तमान में बीबीएमबी केंद्र की भाजपा सरकार का एक कठपुतली बन गया है। बीबीएमबी की बैठकों में न तो पंजाब की बात सुनी जा रही है और न ही पंजाब के अधिकारों का ध्यान रखा जा रहा है। इसलिए, पंजाब के अधिकारों की रक्षा के लिए बीबीएमबी का पुनर्गठन किया जाना चाहिए।
4. **नदियों के पानी के बंटवारे पर पुनर्विचार :** सतलुज, रावी और ब्यास नदियां केवल पंजाब से होकर गुजरती हैं। फिर इनके पानी का बंटवारा अन्य राज्यों को किस आधार पर किया जा रहा है? 1981 में इन नदियों के पानी के बंटवारे के समझौते में लिखित पानी की मात्रा और वास्तविक उपलब्ध पानी की मात्रा में बड़ा अंतर है। इसलिए, इन नदियों के पानी के बंटवारे के लिए नया समझौता किया जाना चाहिए।
5. **बीबीएमबी की बैठकों में कानून का पालन:** बीबीएमबी की किसी भी बैठक के लिए कानून के अनुसार न्यूनतम दिनों का नोटिस देना आवश्यक है। बीबीएमबी इस कानून का पालन नहीं करता और रात में अवैध बैठक बुलाता है।
6. **बीबीएमबी की शक्तियों की सीमा:** 1981 की संधि में स्पष्ट रूप से लिखा है कि किस राज्य को कितना पानी मिलेगा। बीबीएमबी को इसे बदलने का कोई अधिकार नहीं है। यदि बीबीएमबी एक राज्य का पानी दूसरे राज्य को देता है, तो ऐसे निर्णय अवैध और असंवैधानिक होंगे।
7. **डैम सेफ्टी एक्ट 2021 की निंदा:** डैम सेफ्टी एक्ट 2021 को पंजाब के अधिकारों पर हमला है। यह कानून केंद्र सरकार को राज्यों के बांधों और नदियों पर पूर्ण नियंत्रण देता है, भले ही बांध पूरी तरह से राज्य की सीमा में हो। इसलिए, केंद्र से डैम सेफ्टी एक्ट 2021 को तुरंत निरस्त करने की मांग की है। इस एक्ट को पुराना बताया है।

(संबंधित पैकेज पेज दो पर )

**पानी पर हाईकोर्ट में सुनवाई**

# पंजाब पुलिस ने डैम पर कब्जा किया : बीबीएमबी

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा और पंजाब के बीच पानी के विवाद को लेकर सोमवार को पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड (बीबीएमबी) की याचिका पर सुनवाई हुई। बोर्ड ने कोर्ट को बताया कि पंजाब पुलिस ने डैम पर कब्जा कर लिया है। पुलिस के जवानों ने डैम की सभी कंट्रोल यूनिट अपने हाथ में ले लिए हैं। इस पर हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस शील नागू ने मामले में केंद्र , हरियाणा, पंजाब सरकार और बीबीएमबी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

**भाखड़ा बोर्ड का हाईकोर्ट में जवाब, पंजाब पुलिस ने डैम पर कब्जा किया**

वहीं, हरियाणा के एडवोकेट जनरल ने कहा कि प्रदेश के 200 से ज्यादा जल घर सूख चुके हैं। पंजाब सरकार ने हरियाणा का पानी रोक दिया है। इसके जवाब में पंजाब सरकार ने कहा कि हमने हरियाणा को उसके हिस्से का पानी दे दिया है। हम ओर पानी हरियाणा को नहीं दे सकते हैं। पंजाब के किसानों ने भी धान की फसल लगानी है।

**आईपीएल में आज**



मुंबई इंडियंस
V/S
गुजरात टाइटन्स
: समय :
7.30 PM
: स्थान :
मुंबई

**खबर संक्षेप**

### यूएस: रेस्तरां में गोलीबारी में तीन लोगों की मौत

**ग्लेनडेल (अमेरिका)।** अमेरिका में फीनिक्स उपनगर के एक रेस्तरां में हुई गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच घायल हो गये। ग्लेनडेल पुलिस विभाग के अधिकारी मोरोनी मेंडेज़ ने प्रेसवार्ता में बताया कि पुलिस को रात लगभग सात बजकर 45 मिनट पर अल कैमरोन गिगांटे मैरिसकोस एंड स्टीकहाउस में गोलीबारी की सूचना मिली। भाषा

### केजरीवाल की याचिका पर 12 अगस्त को सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने आबकारी नीति घोटाले में ईडी के आरोपपत्र पर संज्ञान लेने के निचली कोर्ट के फैसले के खिलाफ आप के नेताओं अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया की याचिकाओं पर सुनवाई 12 अगस्त को तय की। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पेश वकील ने कहा कि 2024 में दायर याचिकाएं निरर्थक हैं क्योंकि एजेंसी को अपेक्षित मंजूरी मिल गई थी। भाषा

### एम्स में दिव्यांग अभ्यर्थी को दाखिला देने का निर्देश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने निर्देश दिया कि मानक दिव्यांगता वाले व्यक्तियों के खिलाफ प्रणालीगत भेदभाव को समाप्त किया जाना चाहिए। 2024 में एमबीबीएस प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले एक दिव्यांग अभ्यर्थी को सीट आवंटित की जानी चाहिए। पीठ ने कहा कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के तहत उसे एम्स में दाखिला दें। भाषा

**प्रदेश कैबिनेट की बैठक में कई अहम फैसले**

# अब अग्निवीरों को नौकरी में 20% कोटा और एक करोड़ की अनुग्रह राशि दी जाएगी

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट की बैठक में कई फैसले लिए गए। इस बैठक में कुल 24 एजेंडे रखे गए। इनमें से 22 एंजेडों को मंजूरी दे दी गई। बैठक के बाद फैसलों के बारे सीएम सैनी ने बताया कि हरियाणा पुलिस भर्ती में अग्निवीरों के लिए आरक्षण कोटा 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने की मंजूरी दे दी गई है। इसके अलावा, अग्निवीरों को भी युद्ध में शहीद हुए सैनिकों की तर्ज पर 1 करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। 2022-23 और 2023-24 में हरियाणा से कुल 5120 अग्निवीर भर्ती हुए। 2024-25 के दौरान लगभग 2000 अग्निवीरों की भर्ती की गई है। वहीं सरकार ने नई आबकारी नीति को भी मंजूरी दी है।



लेफ्टिनेंट नरवाल के परिवार को 50 लाख और एक सदस्य को सरकारी नौकरी

### नई आबकारी नीति मंजूर

- **लोक** कलाकारों को आर्थिक मदद को पंडित लख्मीचंद कलाकार सामाजिक सम्मान योजना मंजूर।
- **योजना** के तहत 60 वर्ष की आयु व 20 वर्ष का अनुभव रखने वाले कलाकारों को मासिक सहायता।
- **परिवार** पहचान पत्र में जिन कलाकारों की आय 1 लाख 80 है, उन्हें 10,000 मासिक मानदेय देंगे।
- **जिन** कलाकारों की आय 1.80 लाख से 3 लाख है, उन्हें 7000 देंगे।
- **नई** आबकारी नीति और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) विकास परियोजना को हरी झंडी।
- **नई** आबकारी नीति के तहत हाईवे पर अब ठेके नहीं दिखाई देंगे।
- **स्कूल-कॉलेजों** व मंदिरों से 150 मीटर की दूरी पर ठेके खुलेंगे।
- **गो सेवा** आयोग का बजट 2 करोड़ से बढ़ाकर 500 करोड़ किया है।
- **शहीद** नायक संदीप की पत्नी गीता को फरीदाबाद के अटाली में 200 वर्ग गज का प्लाट देंगे।
- **पहलगाम** हमले में मारे गए नेवी के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के परिवार को 50 लाख रुपये और एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाएगी।

(पेज दो भी देखें)

## 500 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग केस में कार्रवाई, झड़प के बाद दिल्ली से पकड़ा

छौक्कर ने ईडी अधिकारियों और होटल के कर्मियों पर हमला करने की कोशिश की

# कांग्रेस के पूर्व विधायक छौक्कर फाइव स्टार होटल से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली/समालखा

ईडी ने समालखा से कांग्रेस के पूर्व विधायक धर्म सिंह छौक्कर को दिल्ली में एक फाइव स्टार होटल से झड़प के बाद गिरफ्तार कर लिया। एजेंसी के अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि छौक्कर (61) कई दिनों से फरार थे। उन्हें रविवार रात 9 बजे के बाद मध्य दिल्ली के शांगरी-ला होटल के 'ग्रेप्पा बार' से हिरासत में लिया गया। ईडी को रविवार रात करीब 8:30 बजे खुफिया सूचना मिली थी कि छौक्कर कुछ लोगों के साथ होटल के बार में मौजूद है। गुरुग्राम की विशेष पीएमएलए अदालत ने उन्हें 1500 लोगों को धोखा देने और 500 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग केस में भगोड़ा अपराधी घोषित किया था। तब से वह फरार चल रहे थे। छौक्कर के खिलाफ 7 गैर-जमानती वारंट भी जारी किए गए थे।

- *गुरुग्राम की विशेष पीएमएलए अदालत ने भगोड़ा घोषित किया था*
- *पूर्व विधायक के खिलाफ सात गैर-जमानती वारंट जारी*
- *समालखा से कांग्रेस विधायक रहे हैं धर्म सिंह छौक्कर*

### अधिकारियों के आरोप

अधिकारियों ने आरोप लगाया कि जब छौक्कर का ईडी अधिकारी से सामना हुआ, तो वह बाहर की ओर भागने लगे। अधिकारी ने ईडी के गुरुग्राम जोन के संयुक्त निदेशक नवनीत अग्रवाल के साथ मिलकर पूर्व विधायक का पीछा किया और उन्हें पकड़ लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि छौक्कर ने ईडी अधिकारियों और होटल के कर्मचारियों पर हमला करने की कोशिश की, जिसके बाद वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों को बुलाया गया।



### 1500 लोगों के साथ धोखाधड़ी के आरोप

धन शोधन का मामला गुरुग्राम पुलिस द्वारा साई आईना फार्म्स और उससे जुड़ी कंपनियों के खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी पर आधारित है। छौक्कर, उनके बेटे सिकंदर और विकास की कंपनी साई आइना फॉर्म्स (अब माहिरा इन्फ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड), सीजर बिल्डवेल प्राइवेट लिमिटेड और माहिरा बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड ने किफायती आवास योजना निकाली थी। जिसके तहत 1500 से अधिक घर खरीदारों को गुरुग्राम के सेक्टर 68, सेक्टर 103 और सेक्टर 104 में मकान उपलब्ध कराने का वादा किया गया। इसके बदले उनसे लगभग 616.41 करोड़ रुपये ले लिए। इसके बावजूद लोगों को घर नहीं दिए गए। बाद में पता चला कि घर खरीदारों से एकत्र की गई रकम को इन्होंने निजी लाभ के लिए खर्च कर दिया। कंपनी ने करोड़ों रुपये फर्जी निर्माण लागत, महंगी ज्वैलरी और शादियों में खर्च किए। शिकायत पर गुरुग्राम पुलिस ने छौक्कर के खिलाफ केस दर्ज किया था।

### पूर्व सीएम हुड्डा के करीबी

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के करीबी माने जाने वाले छौक्कर की कंपनी साई आइना फार्म्स प्राइवेट लिमिटेड पर आरोप है कि उन्होंने लोगों को गुरुग्राम में घर देने के बदले करोड़ों रुपये ले लिए। बाद में उन्होंने न लोगों को घर दिया और न ही पैसे लौटाए। इसके बाद ईडी ने उनके खिलाफ केस दर्ज किया था।

### कांग्रेस नेता पर ये गंभीर आरोप

छौक्कर, उनके बेटों विकास और सिकंदर पर घर खरीदने वाले 1,500 लोगों के साथ धोखाधड़ी करने और उनसे 500 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि हड़पने का आरोप है। सिकंदर को पिछले साल ईडी ने गिरफ्तार किया था। वह फिलहाल जमानत पर बाहर है, जबकि विकास छौक्कर फरार है। पीएमएलए अदालत ने धर्मसिंह, विकास छौक्कर के खिलाफ कई गैर-जमानती वारंट जारी किए हैं। ईडी की विशेष कोर्ट ने उन्हें 19 मई को अदालत के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया था।

### आज कोर्ट में पेश किया जाएगा

छौक्कर को मंगलवार गुरुग्राम की एक अदालत में पेश किया जाएगा। पानीपत जिले की समालखा विधानसभा सीट से पूर्व विधायक छौक्कर को पिछले साल चुनाव में हार गए थे। **44.55 करोड़ की संपत्ति हो चुकी कुर्क :** ऑपरेशन का नाम 'धप्पा' रखा गया। टीम जब होटल में पहुंची तो छौक्कर टहल रहे थे। भीड़ होने की वजह से भाग नहीं पाए और टीम ने उन्हें काबू कर लिया। कुछ दिन पहले ईडी ने उनकी 44.55 करोड़ की संपत्ति कुर्क की थी।

**नीमराणा होटल गोलीबारी मामला**

### एनआईए ने राजस्थान, दिल्ली और हरियाणा में छापेमारी की

**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने कनाडा स्थित खालिस्तानी आतंकवादी अर्श डल्ला से जुड़े '2024 के नीमराणा होटल गोलीबारी हमले' की साजिश की जांच के लिए राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली में 10 स्थानों पर व्यापक छापेमारी की है। यह जानकारी सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान से मिली। बयान में कहा गया है कि पिछले साल आठ सितंबर को राजस्थान के नीमराणा में होटल हाईवे किंग के परिसर के चारों ओर 35 गोलियां चलाई गईं थीं, जिसका उद्देश्य लोगों को आतंकित करना और धमकाना था।



**नए सीजेआई की पीठ करेगी विचार**

### वक्फ अधिनियम के खिलाफ याचिकाओं पर 15 को सुनवाई

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अगले प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी आर गवई के नेतृत्व वाली पीठ 15 मई को विचार करेगी। मौजूदा प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना 13 मई को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। न्यायमूर्ति खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ जैसे ही सुनवाई के लिए बैठी, सीजेआई ने कहा, 'कुछ ऐसे पहलू हैं, जिनसे आप (केंद्र) निपट चुके हैं, लेकिन उस पर स्पष्टीकरण की आवश्यकता है।



**जज के घर नकदी विवाद**

### जस्टिस वर्मा के खिलाफ आरोप पर सीजेआई को रिपोर्ट सौंपी

**नई दिल्ली (भाषा)।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित तीन न्यायाधीशों की समिति ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के आवास से नकदी बरामदगी के आरोपों पर सीजेआई संजीव खन्ना को अपनी जांच रिपोर्ट सौंप दी है। पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति शील नागू, हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जी एस संधावालिया और कर्नाटक उच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति अनु शिवरामन वाली तीन सदस्यीय समिति ने तीन मई को अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया।



# राज्य सिविल डिफेंस मॉकड्रिल करें और नागरिकों को हमले से बचने की दें ट्रेनिंग

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच कई राज्यों से 7 मई को 'मॉक ड्रिल' आयोजित करने के निर्देश जारी किए हैं। सूत्रों ने सोमवार को बताया कि ड्रिल के दौरान किए जाने वाले उपायों में हवाई हमले की चेतावनी देने वाले सायरन का संचालन और नागरिकों को किसी भी हमले की स्थिति में खुद को बचाने के लिए सुरक्षा पहलुओं पर प्रशिक्षण देना शामिल है। अन्य उपायों में दुर्घटना की स्थिति में 'ब्लैकआउट' के उपाय आदि करना शामिल हैं।

### केंद्र सरकार के निर्देश कल करें मॉकड्रिल

- हवाई हमले के अलर्ट के वक्त सायरन बजाना।
- हमलों के वक्त नागरिक, छात्रों आदि को खुद की सुरक्षा के लिए ट्रेनिंग देना।
- हमले के वक्त ब्लैक आउट किया जाना।
- महत्वपूर्ण संयंत्रों/स्थापनाओं को हमले के वक्त छिपाना।

लोगों से जगह खाली कराना या निकालने की प्लानिंग करना और उसका अभ्यास करना।

**इस मॉक ड्रिल का मकसद लोगों को किसी भी आपात स्थिति के लिए तैयार करना है। इससे पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह से मुलाकात की।**

### पर्यटकों की सुरक्षा की मांग वाली याचिका खारिज की

उच्चतम न्यायालय ने हाल में पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के मद्देनजर जम्मू-कश्मीर के सुदूर पहाड़ी इलाकों में पर्यटकों की सुरक्षा की मांग करने वाली एक जनहित याचिका को सोमवार को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने जनहित याचिका दायर करने के लिए अधिवक्ता विशाल तिवारी की खिंचाई की और कहा कि इसे बिना किसी सार्वजनिक हित के केवल प्रचार पाने के लिए दाखिल किया गया है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने तिवारी से कहा, "आपने इस तरह की जनहित याचिका क्यों दायर की है?

**पाक ने किया साइबर हमले का दावा**

### रक्षा से जुड़ी वेबसाइट हैक की जवानों की जानकारी जुटाई

**नई दिल्ली(भाषा)।** पाकिस्तान ने दावा किया कि उसने भारतीय संस्थानों को साइबर हमले का निशाना बनाया है। सोमवार को 'पाकिस्तान साइबर फोर्स' नाम के एक्स खाते ने दावा किया कि भारतीय सैन्य इंजीनियरिंग सेवा और मनोहर पर्रिकर रक्षा अध्ययन एवं विश्लेषण संस्थान (एमपी-आईडीएसए) से जुड़ा संवेदनशील डाटा चुरा लिया है। हालांकि, एमपी-आईडीएसए के प्रबंधन ने इस बात को खारिज कर दिया। पाक हैकर्स ने दावा किया गया है कि उसने रक्षा से जुड़े कर्मियों की निजी जानकारी और लॉगिन विवरण तक पहुंच बना ली है। वहीं, भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बीएसएफ ने पाकिस्तानी घुसपैठिये को अरेस्ट किया है। आरोपित की गिरफ्तारी गांव ठाकुरपुर के पास सीमा पर हुई। उसके पास आईडी कार्ड भी मिला है। जिस पर उसकी पहचान हुसनैन लिखी है और वह गुज्जरांवाला का रहने वाला है।

**सीमा पर पाक घुसपैठिया गिरफ्तार**

**मुंहतोड़ जवाब देने के लिए खास प्लान**

### एनएसए डोभाल और रक्षा सचिव ने पीएम मोदी से की मुलाकात


**नई दिल्ली (भाषा)।** पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव की पृष्ठभूमि में सोमवार को एनएसए अजीत डोभाल और रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने बारी-बारी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। बताया जा रहा है कि इन बैठकों में पहलगाम हमले का जवाब देने के लिए खास प्लान बनाया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने देश के शीर्ष रक्षा और सुरक्षा अधिकारियों के साथ कई दौर की चर्चा की है। इससे पहले वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए.पी. सिंह व नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने भी प्रधानमंत्री से मुलाकात कर चुके हैं और अपनी-अपनी तैयारियों की जानकारी पीएम को दे चुके हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले मंगलवार को शीर्ष रक्षा अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक में सशस्त्र बलों को पहलगाम आतंकवादी हमले का जवाब देने के लिए खुले हाथ दिए थे।

**पीएम लगातार कर रहे बैठकें**

**कूटनीति** रूसी राष्ट्रपति ने पीएम मोदी का निमंत्रण स्वीकारा, दोनों नेताओं ने फोन पर की बात

**पुतिन ने पहलगाम हमले की कड़े शब्दों में निंदा की कहा-आतंक के सभी रूपों के खिलाफ भारत के साथ रूस**

# आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ रूस, शिखर सम्मेलन में भाग लेने आएंगे पुतिन




**मोदी ने पुतिन को दी शुभकामनाएं :** प्रधानमंत्री ने रूस के 'विजय दिवस' की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर रूसी राष्ट्रपति को शुभकामनाएं दीं और उन्हें इस वर्ष के अंत में भारत में होने वाले भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया।

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से फोन पर बात की और कहा कि रूस आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई का पूरा समर्थन करता है। पहलगाम आतंकवादी हमले के साजिशकर्ताओं को न्याय के कठघरे में लाया जाना चाहिए। रूसी दूतावास की ओर से जारी एक वक्तव्य में कहा गया कि पुतिन ने आतंकवादी हमले को 'बर्बर' करार दिया और दोनों नेताओं ने हर तरह के आतंकवाद के खिलाफ 'बिना समझौता किए लड़ाई' की आवश्यकता पर बल दिया। राष्ट्रपति पुतिन ने इस वर्ष भारत में आयोजित होने वाले वार्षिक भारत-रूस शिखर सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री का निमंत्रण स्वीकार कर लिया।

### आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा



विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, 'मोदी के साथ बातचीत में पुतिन ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की निंदा की और निर्दोष लोगों की मौत पर दुःख व्यक्त किया।' पुतिन 22 अप्रैल के आतंकवादी हमले की सबसे पहले निंदा करने वाले विश्व नेताओं में शामिल हैं। पुतिन इस बात पर जोर दिया कि इस जघन्य हमले के दोषियों और उनके समर्थकों को न्याय के कठघरे में लाया जाना चाहिए।'

### साजिशकर्ताओं को न्याय के कटघरे में लाएंगे



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने हमले के 'दोषियों, समर्थकों व साजिशकर्ताओं' को न्याय के दायरे में लाने का भारत का संकल्प दोहराया। रूसी दूतावास के अनुसार, लावरोव ने 1972 के शिमला समझौते व 1999 के लाहौर घोषणापत्र के प्रावधानों के अनुरूप द्विपक्षीय आधार पर राजनीतिक एवं कूटनीतिक तरीकों से मतभेदों को सुलझाने का आह्वान किया।

## खबर संक्षेप

### दो एचसीएस अधिकारियों को अतिरिक्त कार्यभार

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने दो एचसीएस अधिकारियों को अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है। भिवानी के अतिरिक्त आयुक्त-सह-जिला नागरिक संसाधन सूचना अधिकारी तथा हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी के सचिव डॉ. मुनीश नागपाल अब चरखी दादरी के अतिरिक्त आयुक्त-सह-जिला नागरिक संसाधन सूचना अधिकारी का कार्यभार भी देखेंगे। जिला परिषद भिवानी तथा डीआरडीए, भिवानी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजय चोपड़ा को अब जिला परिषद, चरखी दादरी तथा डीआरडीए, चरखी दादरी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी का कार्यभार भी सौंपा गया है।

### योगेश्वर दत्त ने पंजाब सीएम पर बोला हमला

**चंडीगढ़।** ओलंपिक विजेता योगेश्वर दत्त ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को पाकिस्तान समर्थक बताकर हमला बोला। हरियाणा-पंजाब पानी विवाद और भारत-पाक बॉर्डर तनाव पर कहा कि हरियाणा को उसका हक मिले, दुश्मन को जिंदा न छोड़ें। योगेश्वर दत्त ने कहा भगवंत मान पाकिस्तान की छवि को दर्शाना चाहते हैं और वह पाकिस्तान के हक में नजर आ रहे हैं। हरियाणा-पंजाब के बीच में पानी को लेकर लगातार तनाव बढ़ता जा रहा है, ऐसे में दोनों ही राज्यों के अलग-अलग दलों के नेताओं की प्रतिक्रिया आ रही हैं।

### सिरसा में धंस रही हैं सड़कें सीएम कार्रवाई करें : सैलजा

**चंडीगढ़।** सिरसा में सड़क धंसने को लेकर सांसद सैलजा ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी ठेकेदारों और अधिकारियों के पर कार्रवाई की मांग की है। कहना है कि अमृत योजना में घटिया निर्माण कार्य के चलते ऐसा हो रहा है, ऐसे में निर्माण कार्यों की तकनीकी गुणवत्ता का ध्यान रखने के लिए संबंधित ठेकेदारों और अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय की जाए। सैलजा ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि उनके संसदीय क्षेत्र में सिरसा नगर में कई सालों से अलग-अलग जगहों पर 20-30 फुट तक सड़क धंसने की अनेक घटनाएं हो चुकी है, ज्यादातर घटनाएं रानियां रोड पर हुई हैं।

**मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना**

# 1.58 लाख आवेदकों के लिए प्लॉट आवंटन प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने हर गरीब व जरूरतमंद के सिर पर छत मुहैया करवाने की अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करते हुए आज मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 के दूसरे चरण के तहत 537 ग्राम पंचायतों और 24 महाग्राम पंचायतों में 1.58 लाख आवेदकों के लिए प्लॉट के आवंटन प्रक्रिया का शुभारंभ किया। ग्राम पंचायत के आवेदकों के लिए 100 वर्ग गज तथा महाग्राम पंचायत में आवेदकों को 50 वर्ग गज के आवासीय प्लॉट दिए जाएंगे। आज यहां हरियाणा सिविल सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने वादा किया था कि प्रदेश में शहरों और गांवों में गरीब परिवारों को आवास उपलब्ध कराए जाएंगे, अब उसे पूरा कर रहे हैं।

## 151 किसानों के खातों में 86.96 लाख रुपये भेजे

### खाद बीज मुफ्त मिलेंगे

*हरियाणा सरकार ने आगजनी की घटनाओं के कारण फसलों के नुकसान को लेकर किसानों को मुआवजा राशि जारी की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज 17 जिलों (अंबाला, मेवात, पलवल, फरीदाबाद और पंचकूला को छोड़कर) के 151 किसानों के खातों में लगभग 86.96 लाख रुपये जारी किए। मुख्यमंत्री ने बताया कि जिन किसानों की फसल आगजनी से जली है उन्हें सरकार द्वारा अगली फसल की बुवाई के लिए खाद और बीज मुफ्त दिए जाएंगे।*



### सामाजिक सुरक्षा पेंशन : 7.48 करोड़ जारी

*नायब सिंह सैनी ने सोमवार को विभिन्न सामजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के 24695 नए लाभार्थियों को उनकी पहली पेंशन सीधी उनके बैंक खाते में ट्रांसफर की। इन सभी लाभार्थियों को कुल 7.48 करोड़ रुपये की राशि भेजी गई। अब प्रदेश में इन पेंशन योजनाओं के तहत लाभार्थियों की कुल संख्या 35,16,814 हो गई है।*

**दयालु योजना**

### ट्रांसफर किए 86.93 करोड़

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु) योजना के तहत 2286 लाभार्थियों के खाते में 86.93 करोड़ रुपये डीबीटी से ट्रांसफर की। परिवार के कमाने वाले मुखिया की दुर्घटना में मौत हो जाने पर परिवार को आर्थिक मदद देने के लिए यह योजना शुरू की गई थी। योजना के तहत 6 वर्ष से अधिक और 60 वर्ष तक के व्यक्ति की दुर्घटना में या अकाल मृत्यु पर आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।

## मंत्रिमंडल की बैठक में कई अहम फैसले, नई आबकारी नीति मंजूर

# अब स्कूल, कॉलेज और मंदिर से 150 मीटर दूर खुलेंगे शराब के ठेके, 700 गांवों में 152 ठेके बंद किए जाएंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता मंत्रिमंडल की बैठक में वर्ष 2025–27 के लिए आबकारी नीति को मंजूरी दी गई। इस नीति में प्रमुख संरचनात्मक सुधार करते हुए आबकारी नीति वर्ष को अब वित्त वर्ष के साथ जोड़ा जाएगा। इस बार की नई आबकारी पालिसी में शराब के ठेकेदारों पर थोड़ा शिंकजा कस दिया गया है।

नई नीति के तहत बस स्टैंड, स्कूल, धार्मिक स्थल, कॉलेज से शराब के ठेके की दूरी 75 मीटर से बढ़ाकर 150 कर दी गई है। हाईवे और स्टेट हाइवे से ठेके का कोई सीधी संपर्क नहीं होना चाहिए। सड़क पर कोई विज्ञापन या साइन बोर्ड नहीं लगा सकेंगे। अगर नियमों के विरुद्ध काम किया, तो पहली बार होने पर 1 लाख, दूसरी बार 2 लाख और तीसरी बार 3 लाख जुर्माना और इससे ज्यादा पर लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा। जिन गांवों की आबादी 500 से कम है, वहां ठेके नहीं खुलेंगे। इससे 700 गांवों में 152 ठेके बंद होंगे।

यह नीति 12 जून 2025 से 31 मार्च 2027 तक यानि 21.5 महीनों के लिए लागू होगी, जिसके बाद भविष्य की सभी नीतियां अप्रैल से मार्च वित्त वर्ष के अनुसार संचालित होंगी। नीति के तहत वित्त वर्ष 2025–26 के लिए सरकार ने 14,064 करोड़ रुपये के राजस्व लक्ष्य निर्धारित किया है। वित्त वर्ष 2024–25 में आबकारी एवं कराधान विभाग ने 12,650 करोड़ रुपये के लक्ष्य के मुकाबले 12,700 करोड़ रुपये का संग्रहण कर बेहतरीन प्रदर्शन किया है। इसके अलावा मंत्रिमंडल की बैठक में निकायों में लेखा प्रणाली प्रबंधन में ब्रिटिश काल से चली आ रही मौजूदा नगरपालिका लेखा संहिता, 1930 को निरस्त करने तथा राज्य की सभी निकायों में में कार्यान्वयन के लिए हरियाणा नगर पालिका लेखा संहिता की अधिसूचना को स्वीकृति प्रदान की गई, जिसका उद्देश्य हरियाणा में नगर निकायों की लेखा प्रणाली में पारदर्शिता लाना है। वहीं मंत्रिमंडल की बैठक में फरीदाबाद जिले के गांव अटाली निवासी शहीद नायक संदीप की पत्नी गीता को 200 वर्ग गज का आवासीय प्लाट देने के ग्राम पंचायत अटाली के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। नायक संदीप ने 19 फरवरी, 2019 को जम्मू और कश्मीर के पुलवामा में आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया था।

### नई गोशालाओं की भूमि खरीद, डीड दस्तावेजों पर स्टाम्प शुल्क माफ

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने नई गोशाला के लिए भूमि की खरीद या बिक्री के लिए डीड दस्तावेजों पर लगने वाले स्टाम्प शुल्क को माफ करने को स्वीकृति प्रदान की गई। गौरतलब होगा कि वर्ष 2019 में पंजीकृत गौशाला, ट्रस्ट सोसायटी के पक्ष में निष्पादित भूमि की खरीद या दान की गई जमीन पर स्टाम्प ड्यूटी को 5 प्रतिशत से घटाकर 1 प्रतिशत कर दिया गया था। मुख्यमंत्री ने 7 अगस्त, 2024 को पंजीकृत गोशाला की जमीन के लिए स्टाम्प ड्यूटी को माफ करने की घोषणा की थी।

### 20 साल से ज्यादा अनुभव वाले कलाकारों को 10 हजार मानदेय

नायब सैनी सरकार ने अब प्रदेश के लोक कलाकारों को आर्थिक सहायता देने का फैसला कर लिया है।। योजना के तहत 60 साल आयु सीमा से ऊपर वाले कलाकारों जिन्होंने 20 साल से ज्यादा काम का अनुभव है और जिनके परिवार की आय 1.80 लाख से कम है। उनको राज्य की सरकार हर माह 10 हजार मानदेय प्रतिमाह देगी। इसके अलावा जिनकी आय 1.80 से 3 लाख तक की है, इस तरह के पात्र कलाकारों को 7 हजार प्रतिमाह मानदेय दिए जाने पर मुहर लगा दी गई है।

### लेफ्टिनेंट नरवाल के परिवार को 50 लाख और नौकरी

मंत्रिमंडल की बैठक में लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के परिवार को 50 लाख रुपये की वित्तीय सहायता और एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का निर्णय लिया गया। इसी प्रकार, वर्ष 2005 में भिवानी में पुलिस और बदमाशों के बीच क्रॉस फायरिंग के दौरान मारी गई कविता तथा वर्ष 2023 में सांप्रदायिक हिंसा के दौरान मारे गए अभिषेक के मामलों में पीड़ितों के पात्र परिवार को 25-25 लाख रुपये की वित्तीय सहायता तथा एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का निर्णय लिया गया।

### संविदा कर्मियों की तैनाती नीति में संशोधन किया

मंत्रिमंडल की बैठक में समय-समय पर संशोधित संविदा कर्मियों की तैनाती नीति, 2022 में संशोधन को स्वीकृति प्रदान की गई। संशोधनों के अनुसार, हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड (एचकेआरएनएल) द्वारा लगाए गए जुर्माने से संबंधित प्रावधान को हटा दिया गया है। इन प्रावधानों को रद्द करने के उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में, सामाजिक-आर्थिक मानदंडों और अनुभव के लिए वेटेज संबंधित प्रावधानों को भी में हटा दिया गया है।

# पानी बंद करने पर गुस्सा, बिफरे दलों के नेता

**कांग्रेस** — **भूपेंद्र सिंह हुड्डा**

### जानबूझकर पैदा किया जा रहा जल संकट



**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने कहा है कि प्रदेश में प्राकृतिक नहीं बल्कि पंजाब सरकार द्वारा जानबूझकर जल संकट पैदा किया जा रहा है। उनका यह कदम पूरी तरह संघीय ढांचे के विपरीत, असंवैधानिक, अनैतिक और अमानवीय है। किसी भी प्रदेश सरकार के पास, दूसरे प्रदेश के पानी को रोकने का अधिकार नहीं है। हरियाणा कोई अतिरिक्त मात्रा नहीं बल्कि सिर्फ अपने हक का पानी मांग रहा है।

**भाजपा** — **मोहन लाल बड़ौली**

### केजरीवाल के इशारे पर चल रहे मान



**चंडीगढ़।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि पंजाब को हरियाणा के हक का पानी तुरंत देना चाहिए। उन्होंने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान सत्ता का दुरुपयोग कर रहे हैं और यह सब पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के इशारों पर हो रहा है। मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि पानी की कोई कमी नहीं है, पानी पूरी मात्रा में है, पंजाब सरकार राजनीति करके लोगों को भ्रमित कर रही है।

**जेजेपी** — **अजय चौटाला**

### केंद्र दिलवाए हरियाणा के हक का पानी



**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला ने कहा है कि सर्वदलीय बैठक में जेजेपी ने अपना स्टैंड स्पष्ट कर दिया था, अब केंद्र और राज्य सरकार मिलकर हरियाणा के हक का पानी दिलाने का काम करें। डॉ. चौटाला ने कहा कि एसवाईएल के हक में सुप्रीम कोर्ट का फैसला हरियाणा के पक्ष में कब का आया हुआ है, लेकिन केंद्र ने अब तक कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया।

**इनेलो** — **रामपाल माजरा**

### राजनीति की भेंट चढ़ा पानी बंद का मामला



**चंडीगढ़।** पंजाब द्वारा पानी न देने और पंजाब के मुख्यमंत्री द्वारा भाखड़ा के गेट पर ताला जड़ने व पुलिस की तैनाती करने के विरोध में इनेलो पार्टी ने सडकों पर उतरकर प्रदर्शन किया। रामपाल माजरा ने कहा कि दो अप्रैल को हुई बैठक में पंजाब के अधिकारी आए ही नहीं। हरियाणा का पानी का मामला राजनीति की भेंट चढ़ गया है। पंजाब के मुख्यमंत्री के खिलाफ गैरकानूनी कार्य करने पर मुकदमा दर्ज होना चाहिए।

# मनोहर लाल के जन्मदिन पर लगाया रक्तदान शिविर



**चंडीगढ़।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन पर पंचकूला के सेक्टर-16 स्थित अग्रवाल भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में युवाओं ने रक्तदान किया। शिविर के दौरान 250 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस अवसर पर हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने वहां पहुंचकर कार्यक्रम के संयोजकों व रक्तदाताओं के सेवाभाव को सराहा। इस रक्तदान शिविर का आयोजन मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव तरुण भंडारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में सेवा भावना को बढ़ावा देना और जरूरतमंदों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना था। इस अवसर पर हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि रक्तदान एक महान सेवा है। यह न केवल जीवन बचाता है, बल्कि समाज में संवेदनशीलता और एकता का संदेश भी देता है।

# दिल्ली पहुंचकर बिप्लब देब से मिले नायब सैनी, राजनीतिक चर्चा हुई

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को दिल्ली पहुंचकर त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री और हरियाणा भाजपा के पूर्व प्रभारी एवं सांसद बिप्लब कुमार देब से मुलाकात की। यह मुलाकात देब के निवास पर हुई, जहां दोनों नेताओं के बीच करीब आधा घंटे तक राजनीतिक विषयों पर चर्चा हुई। मुलाकात के बाद बिप्लब देब ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा तेजी से समृद्धि और प्रगति की ओर अग्रसर है। देब ने कहा कि नायब सैनी कर्मशील व्यक्तित्व के धनी है और वे हरियाणा की जनता के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं।


## हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद, जिला शाखा : रेवाड़ी

**Vacancy : योग्य उम्मीदवारों को उनके प्रार्थना पत्रो के संदर्भ में सूचित किया जाता है कि अस्थाई व संविदा आधार के निम्न पदों हेतु कागजो की जांच / साक्षात्कार दिनांक 10.5.2025 को प्रातः 9.00 बजे निम्न अनुसार होंगे :-**

| पद | स्थान |
|---|---|
| Library Attendant-cum-Computer Operator व Sweeper-cum mali | बाल भवन, बावल। (नजदीक अनाज मंडी, बावल) |
| Store keeper-cum-Accountant, Art & Craft-cum-Music Teacher Craft teacher गाँव मुस्सेपुर (PT), Craft teacher जड्थल (full time) a House Keeping (Full Time) | बाल भवन, मॉडल टाऊन, रेवाडी। |

नोटः अयोग्य उम्मीदवारों पर कोई विचार नही किया जायेगा।

**हस्ता/- जिला बाल कल्याण अधिकारी, बाल भवन, मॉडल टाउन, रेवाड़ी।**

## खरीद सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला परियोजना समन्वयक कार्यालय भिवानी द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय तोशाम एवं झूम्पा कलां की छात्राओं हेतु दो जोड़ी वर्दी उच्च गुणवत्ता वाले कपड़े (नीले रंग की पैन्ट-नीले लाईन की कमीज और सफेद पैन्ट-शर्ट) काले रंग के जूते व दो जोडी जुराब, एक टाई, बैल्ट, ट्रैक सूट, टी शर्ट तथा कोट/ स्वेटर की खरीद की जानी है। सामान की स्पलाई की इच्छुक फर्म बन्द लिफाफे में अपनी कोटेशन रजिस्टर्ड डाक या दस्ती दिनांक 16.05.2025 को सायं 2 बजे तक इस कार्यालय में भिजवायें। प्राप्त कोटेशन 16.05.2025 को इसी कार्यालय में सांय 04.00 बजे खोली जाएगी। इच्छुक फर्म अपने सैम्पल साथ लाएं। सामान F.O.R. रहेगा। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय के दूरभाष न0 01664248221 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

**हस्ता/- जिला परियोजना संयोजक**
**समग्र शिक्षा भिवानी**

## पूर्व रेलवे

**ट्रेन संख्या 13005-13006 एक्स. हावड़ा-अमृतसर-हावड़ा में राउंड ट्रिप वीपी के पार्सल स्थान को पट्टे पर देने के लिए ई-नीलामी आमंत्रित करने की सूचना**

रेलवे प्रशासन ने आईआरपीएस वेबसाइट के ई-नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से दो साल के लिए ट्रेन संख्या 13005-13006 एक्स. हावड़ा-अमृतसर-हावड़ा में आरटीवीपी के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की है। विस्तृत नियम एवं शर्तों वाली अहस्तांतरणीय नीलामी सूची **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। तत्काल ई-नीलामी के लिए बोली **www.ireps.gov.in** पर ई-नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से प्रस्तुत की जानी है। ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए, वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में ई-नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से व्यापारियों का एक बार पंजीकरण अनिवार्य है। व्यापारियों को क्लास-III का डिजिटल हस्ताक्षर भी लेना आवश्यक है। **नीलामी सूची विवरण: लॉट संख्या/श्रेणी:** 13005-13006-वीपी-1-एचडब्ल्यूएच-एएसआर-25-1 (पार्सल-पार्सल वैन); **नीलामी सूची सं.:** पीसीएल-एचडब्ल्यूएच-एल25-5सी; **ट्रेन :** आरटीवीपी में ट्रेन संख्या 13005-13006 एक्स. एचडब्ल्यूएच-एएसआर-एचडब्ल्यूएच ; **नीलामी प्रारंभ तिथि एवं समय : 15.05.2025, 13.00 बजे.**

(HWH-66/2025-26) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, हावड़ा**

निविदा सूचना वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसआईआईडीसी | सामुदायिक केन्द्र सेक्टर-1, आईएमटी मानेसर के एयर कंडीशनिंग सिस्टम की स्थापना, परीक्षण और प्रचालन। | 06.05.2025 13.05.2025 | 12.51 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9910728120 ia.manesar@hsiidc.org.in |
| 2 | एचएसआईआईडीसी | सेक्टर-80 आईएमटी मानेसर में 12 माह की अवधि के लिए कमर्शियल साइट इनोवेटिव - बिल्डिंग की चौकीदार और देखभाल का कार्य। | 06.05.2025 13.05.2025 | 13.69 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9910728120 ia.manesar@hsiidc.org.in |
| 3 | एचएसआईआईडीसी | आईएमटी बावल में सेक्टर-6 और 7, फेज-I में स्टॉर्म वाटर ड्रेन्स की सफाई। | 02.05.2025 08.05.2025 | 8.51 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01284-264122 ia.bawal@hsiidc.org.in |
| 4 | एचएसआईआईडीसी | आईएमटी, बावल में फेज-II में रोड्स बर्म्स की सफाई। | 02.05.2025 08.05.2025 | 6.60 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01284-264122 ia.bawal@hsiidc.org.in |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in**

संवाद-13/2026/80/34457/1/88/6 दि. 05.05.25

## नगर निगम, रोहतक

**NOTICE**

**Municipal Corporation, Rohtak**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम, रोहतक क्षेत्र में स्थित पार्कों की देख-रेख का कार्य निदेशालय के पत्र क्रमांक EE-IV/DULB/2022/6995 दिनांक 13-12-2022 द्वारा बनाई गयी नीति अनुसार Resident Welfare Associates/Non-Government Organisation/ Associations से करवाया जा रहा है जिनके कार्य करने की समयावधि एक वर्ष है जो कि कार्य का ठेका दिनांक 30-06-2025 को समाप्त हो जाएगा। अतः सम्बंधित स्थानीय Resident Welfare Associates / Non-Government Organisation /Associations को नगर निगम, रोहतक में पार्कों की देख-रेख का कार्य अलॉट करने हेतू दिनांक 02-05-2025 से 19-05-2025 तक आवेदन करने का समय दिया जाता है। इच्छुक स्थानीय Resident Welfare Associates / Non-Government Organisation / Associations उपरोक्त दिनांक में नगर निगम, रोहतक की तकनीकी शाखा में सम्पर्क कर आवेदन कर सकते हैं।

**हस्ता/- कार्यकारी अभियंता,**
पीआरडीएच-1078/11/677/2026/34434/सी/88/6 दि. 05.05.25 **नगर निगम, रोहतक**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नवीन सैनी, पुत्रः होशियार, पताः म. नं. 20/327, 86 गली नं. 12, प्रीत नगर, सिरसा, हरियाणा** ने **FIR No. 463/21, U/s 420/467/468/471/120B/34 IPC, पुलिस थाना राजौरी गार्डन, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **नवीन सैनी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **नवीन सैनी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 463/21, U/s 420/467/468/471/120B/34 IPC, पुलिस थाना राजौरी गार्डन, दिल्ली** के अभियुक्त **नवीन सैनी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.06.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री शशांक नंदन भट्ट**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–02**
**पश्चिम**
**DP/5171/WD/2025** **तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

SW/JSO/1419

हमकि राकेश कुमार – प्रदीप कुमार पुत्रान धारे पुत्र मन्शा, निवासीगण एवं बिस्वेदारान गांव लाडपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2022–23, के अनुसार अराजी खेवट न0 170 मिन/126, खाता न0 174 मिन, मु0 न0 28, किला न0 16(7–0), 25(8–0), मु0 न0 33, किला न0 5/1(6–10), 26(0–2), मु0 न0 39, किला न0 11/1(7–12), किते 5, तादादी रकबा 29 कनाल 4 मरले सालम भाग व खेवट न0 181 मिन/135, खाता न0 185 मिन, मु0 न0 27, किला न0 21/1/2(0–6), मु0 न0 28, किला न0 8/2/1(0–0), 13/2(0–8), 18/1(0–8), 23/2(0–8), किते 5, तादादी रकबा 1 कनाल 10 मरले का 1/4 भाग, बकदर 0 कनाल 7.5 मरले, उपरोक्त दोनों खेवटों से कुल तादादी रकबा 29 कनाल 11.5 मरले (3.696875 एकड़) (जिसमें राकेश कुमार – प्रदीप कुमार हर दो समभाग) वाका रकबा मौजा लाडपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर के मालिकान व काबिजान हैं, जिसका तबादला प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल को उपरोक्त समस्त भूमि तादादी रकबा 29 कनाल 11.5 मरले (3.696875 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नही रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 05.05.2025

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile: 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com

## कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।

मु.न. 127 दिनांक 30/04/2025 धारा 140(3) बी.एन.एस. थाना राई जिला सोनीपत।



**गुमशुदा की पहचान**
नाम- सुमन।
पिता का नाम - नेकीराम।
पता - वासी पिपरीया भुर जिला लखीमपुर खिरी यु.पी. हाल किरायेदार साहरा कोलोनी नियर बिस्वामील चौक राई सोनीपत हरियाणा।
उम्र- लगभग 15 वर्ष।
कद- 4 फुट 03 इन्च।
हुलियाः रंग सावंला, गोल चेहरा।
पहनावाः- सुट-सलवार व पैरों में चप्पल पहने हुए हैं।
**नोट- गुमशुदा लड़की आंखों से अंधी है।**

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 29/04/2025 को सुमन पुत्री नेकीराम वासी पिपरीया भुर जिला लखीमपुर खिरी यु.पी. हाल किरायेदार साहरा कोलोनी नियर बिस्वामील चौक राई सोनीपत हरियाणा। घर से कहीं बाहर गई थी जो अब तक घर वापिस नहीं आयी है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।
प्रबन्धक थाना कुण्डली मो.नं.-7419410538
अनुसंधानकर्ता मो.नं.- 7011553951
पुलिस कन्ट्रोल रूम सोनीपत- 0130-2222903, 100

**अपराध अभिलेख अधिकारी,**
**कृते पुलिस उपायुक्त।**
**मुख्यालय, सोनीपत।**

पीआरडीएच-1084/11/3335/2026/34451/88/6 दि. 05.05.25

## टैन्डर नोटिस

जिला झज्जर के इच्छुक सेवा प्रदाता से कृषि एवं किसान कल्याण विभाग झज्जर की आवश्यकता अनुसार अनुबंध आधार पर लेजर लैंड लेवलर/अन्य मशीनों से किसानों के खेतों में कार्य करवाने के लिए ट्रैक्टर एवं ट्रैक्टर ड्राईवर / ऑपरेटर सहित उपलब्ध करवाने हेतु मोहर बंद निविदाएं/कुटेशन आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं 10,000/- रुपए बतौर धरोहर राशि का बैंक ड्राफ्ट सहायक कृषि अभियंता (मुख्यालय), हरियाणा, पंचकूला के नाम से बनवा कर दिनांक 21-05-2025 को सांय 05:00 बजे तक सहायक कृषि अभियंता, झज्जर के कार्यालय में जमा करवा सकते हैं, तथा निविदाएं दिनांक 22-05-2025 को ही सुबह 11:00 बजे माननीय अतिरिक्त उपायुक्त महोदय की अध्यक्षता में गठित कमेटी के समक्ष उनके कार्यालय में खोली जाएंगी। निविदा के लिफाफे पर नाम/पता / मोबाईल नं. लिखा हो व ट्रेक्टर की आर.सी. की प्रति साथ सलंग्न हो। नियम एवं शर्तें निम्न प्रकार से हैं।

1- ट्रैक्टर 50 HP या उससे अधिक व 2020 या उसके बाद के मॉडल के होने चाहिए।
2- Quote की गई दरें 180 दिनों तक मान्य होंगी तथा कस्टम हायरिंग रेट प्रति घंटे (ट्रैक्टर व ऑपरेटर सहित) कार्य के आधार पर अदायगी की जावेगी।
3- मशीनें कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, झज्जर द्वारा दी जाएंगी।
4- सेवा प्रदाता यह सुनिश्चित करेगा कि ऑपरेटर प्रति दिन कम से कम 10 घंटे यह मशीन चलाने में सक्षम है। कार्य की उपलब्धता के आधार पर समय अवधि बढ़ाई भी जा सकती है।
5- सेवा प्रदाता सहायक कृषि अभियंता द्वारा वांछित ट्रैक्टरों की संख्या, वांछित समय पर निर्विघ्न रूप से प्रदान करेगा व अनुबंध अवधि के दौरान ट्रैक्टरों के रखरखाव व टूट-फूट के लिए स्वयं जिम्मेवार होगा।
6- कार्य के लिए ट्रैक्टर द्वारा खपत डीजल सम्बंधित किसान द्वारा दिया जायेगा। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय सहायक कृषि अभियंता, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, पुरानी तहसील, कोसली रोड़ झज्जर से संपर्क करें।
7- सर्विस प्रदाता को विभाग द्वारा जारी सभी शर्तों एवं दिशा निर्देश मानने होंगे।

संपर्क करे- 9053969873

**हस्ता/-**
**सहायक कृषि अभियंता झज्जर**

पीआरडीएच-1004/11/170/2026/34468/88/6 दि. 05.05.25

# नहरबंदी के कारण रुकी नरमे की बिजाई, 21 से भाखड़ा डैम में शुरू होगा फिलिंग पीरियड

## ■ 21 मई से भी संबंधित राज्यों को शुरू होगी भाखड़ा डैम से पानी की सप्लाई

सुरेन्द्र असीजा ▶▶ फतेहाबाद

जिले में नहरबंदी के कारण नरमा की बिजाई रुक गई है। यूं कहे कि अगेती नरमे की बिजाई नहीं हो पा रही। भाखड़ा डैम में जलस्तर में कमी व पंजाब द्वारा हरियाणा के हिस्से का पानी रोके जाने के बाद जिले में पानी के लिए संकट की स्थिति पैदा हो गई है। सिंचाई तो दूर की बात, फतेहाबाद के गांवों के 70 फीसदी जलघर सूखे पड़े हैं। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि नरमा की बिजाई का उचित समय 15 अप्रैल से 15 मई तक होता है। इस दौरान पशुओं का चारा बरसीम व ज्वार की भी बिजाई होती है। बीते वर्ष अब तक जिले में 79623 एकड़ नरमा की बिजाई हुई थी। इस वर्ष अब तक मात्र 13700 एकड़ में ही नरमा की बिजाई हुई है। फतेहाबाद के साथ-साथ सिरसा व हिसार भी कॉटन बैल्ट के नाम से विख्यात है। पानी के संकट के चलते इन तीनों जिलों में नरमा की बिजाई नहीं हो पा रही। नरमा की बिजाई में थोड़ी-सी देरी भी किसानों के लिए घाटे का सौदा हो सकती है। कृषि विशेषज्ञों के बाद 15 मई के बाद बिजाई किए गए नरमे में गुलाबी सुंडी का प्रकोप अधिक होने की संभावना होती है। कृषि विभाग ने इस खरीफ सीजन में प्रदेश में 7 लाख हैक्टेयर में नरमा व 13 लाख हैक्टेयर धान का लक्ष्य रखा हुआ है। गेहूं कटाई के बाद अब नरमा बिजाई का सीजन चल रहा है। नहरों में पानी नहीं है। अब तक फतेहाबाद में 16 फीसदी नरमा की ही बिजाई हो सकी है। किसान अपने संसाधनों से बिजाई कर रहे है।

**■ प्रदेश में 7 लाख हैक्टेयर में नरमा व 13 लाख हैक्टेयर धान का लक्ष्य**



### ग्लेशियर पिघलने से भाखड़ा डैम में पहुंचता है पानी

हिमालय में ग्लेशियर पिघलने से 21 मई से डैम में पानी आना शुरू हो जाता है जोकि 20 सितम्बर तक जारी रहता है। इस पीरियड को डैम वाटर फिलिंग पीरियड कहा जाता है। पानी भरने के बाद बीबीएमबी प्रतिवर्ष राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल और दिल्ली के लिए जल वितरण का काम शुरू करता है। 21 सितम्बर से 20 मई के दौरान राज्यों को उनके हिस्से का पानी दिया जाता है। इसे डैम वाटर डिप्लीशन पीरियड कहा जाता है। बांध में जलस्तर की क्षमता 1680 फुट है। बीते वर्ष कम बारिश होने से बांध में जलस्तर 1648 फुट रहा, जिस कारण बीबीएमबी को पानी की कटौती करनी पड़ी। इससे पहले 16 दिन नहरें चलती थी और 16 दिन बंद रहती थी। मार्च में 16 बंद रहने के बाद नहरों में 8 दिन पानी छोड़ा गया। अप्रैल में नहरबंदी को बढ़ाकर 40 दिन कर दिया गया। अब डिमांड पर ही मात्र पेयजल के लिए नहरों में पानी छोड़ा जा रहा है। ऐसे में फसलों के लिए संकट पैदा हो गया है।

**पछेती नरमे की फसल में गुलाबी सुंडी की संभावना :** नरमा उत्पादक किसान 15 अप्रैल से 15 मई तक नरमा की बिजाई करेंगे। 15 मई के बाद धान की पौध का समय शुरू हो जाता है। उसको भी पानी की जरूरत होती है। बता दें कि धान की फसल में पानी की ज्यादा खपत को देखते हुए प्रदेश सरकार ने 15 जून तक धान लगाने पर प्रतिबंध लगा रखा है। यानि कि 15 जून के बाद धान उत्पादक किसान भी धान की रोपाई का काम शुरू कर देंगे। ऐसे में पानी का पर्याप्त मात्रा में मिलना अत्यंत आवश्यक है। बता दें कि भाखड़ा बांध में 21 मई से पानी भरना शुरू हो जाता है। इसके बाद फतेहाबाद में भी पानी की सप्लाई शुरू हो जाती है। दरअसल, इस बार नरमा के बाजार भाव एमएसपी से भी अधिक होने के कारण किसानों का नरमे के प्रति रूझान बढ़ा है। कृषि विशेषज्ञों का यह भी मानना है कि इस बार अगेती नरमे की बिजाई में गिरावट आएगी। पछेती नरमे की बिजाई तो होगी लेकिन बाद में इस पर गुलाबी सुंडी व अन्य बीमारी के लगने की प्रबल संभावना है।

**बीटी कॉटन का प्रति एकड़ 6 से 8 क्विंटल औसत उत्पादन :** जिले में खरीफ सीजन की बीटी कॉटन मुख्य फसल है। 99 प्रतिशत किसान बीटी कॉटन की ही बिजाई करते हैं। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार बीटी नरमा का औसत उत्पादन 6 से 8 क्विंटल प्रति एकड़ होता है। उपयुक्त समय में बिजाई और समय पर सिंचाई होने की स्थिति में और भी ज्यादा पैदावार हो सकती है। नरमा के बाजार भाव 7200 से 7500 रुपये प्रति क्विंटल के आसपास चल रहे हैं। यानी प्रति एकड़ 50 से 60 हजार रुपए तक की फसल का उत्पादन होता है। इसी कारण किसानों का रुझान बीटी कॉटन के प्रति पिछले कई वर्षों से बढ़ रहा है।



## नुहियांवाली पंचायत का फैसला : नल खुला मिला तो 500 रुपये जुर्माना

ओढ़ा। गांव नुहियांवाली में ग्राम पंचायत और ग्रामीणों ने मिलकर सामूहिक रूप से पानी को बचाने का निर्णय लिया है। ग्राम पंचायत ने पानी की भारी कमी को देखते हुए पानी की बर्बादी पर सख्ती दिखाई है। सरपंच सुनीता देवी ने बताया कि पानी की भारी कमी को लेकर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि जो भी व्यक्ति अपने घर में सप्लाई के दौरान नल खुला छोड़कर पानी व्यर्थ बहाएगा तो उस व्यक्ति पर 500 रूपये का जुर्माना लगाकर गौशाला की पर्ची काटी जाएगी। अगर वह व्यक्ति दोबारा गलती करेगा तो 1100 रुपये जुर्माना लगाया जाएगा और फिर भी नही माना तो उसके खिलाफ सख्त कारवाई की जाएगी। ग्राम पंचायत ने दूसरा निर्णय यह लिया है कि आजकल गांव में घर-घर जाकर दान, चंदा या दक्षिणा मांगने वालों का पूर्ण बहिष्कार किया जाएगा। सरपंच प्रतिनिधि आत्माराम ने बताया कि पंचायत व गांववासी का किसी संस्था या व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं है। इस अवसर पर पूर्व सरपंच भजन लाल सहारण रामकुमार नेहरा पंचायत समिति सदस्य सुरेन्द्र कूकना मास्टर विनोद देमीवाल रणवीर सिंह, डॉ सिद्धार्थ भारती मोहन लाल सहारण सहित अन्य मौजूद रहे।

**■ जुर्माना राशि गोशाला को दान की जाएगी, दूसरी पकड़े जाने देने पड़ेंगे 1100 रुपये**

## पुलिस को देखकर महिला व दो बेटियों ने जहर खाया

कैथल। गांव किठाना में चोरी के मामले में एक व्यक्ति को काबू करने गई टीम के साथ हाथापाई करने तथा आरोपी के परिजनों द्वारा जहरीली दवाई पीकर आत्महत्या करने के प्रयास का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस चौकी किठाना के हेड कांस्टेबल जय ने राजौंद पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया था कि किठाना के राजेश कुमार ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि अनाज मंडी किठाना स्थित उनकी दुकान न्यू ढांडा ट्रेडिंग कंपनी से चोर 5 बैग गेहूं चुराकर ले गए थे। वहां पर एक युवक कृष्ण निवासी किठाना गेहूं के एक बैग को बेचने की फिराक में उसने काबू कर लिया था। इस बारे में वह गांव के चौकीदार सुभाष को लेकर उनके निवास पर उनकी मां गीता को जांच में शामिल होने बारे सूचित करने गया था। बाद में मेडिकल करवाने उपरांत वह कृष्ण को उनके परिजनों के हवाले करने के लिए उनके किठाना गया था। वहां पर उनके पिता राजा और मां गीता ने असामान्य व्यवहार किया तथा सरकारी ड्यूटी में बाधा पहुंचाई। वहां पर राजा ने जहरीली दवाई पीने की कोशिश की। जब उसे रोका गया था तो राजा के कहने पर उसकी पत्नी और दो लड़कियों ने जबरन कोई दवाई पी ली। इसके बाद पुलिस तीनों को कैथल के नागरिक अस्पताल लाया गया जहां उनक हालत नाजुक होने के कारण उन्हें करनाल के कल्पता चावला अस्पताल रैफर कर दिया गया। राजौंद थाना प्रभारी ने कहा कि मामले की जांच चल रही है।

**■ महिला के पुत्र पर गेहूं चोरी का आरोप, तीनों की हालत गंभीर**

## धमाके के साथ लगी आग से जल गए दो गोदाम

बहादुरगढ़। गांव रोहद स्थित एक ताइवानी कंपनी के केमिकल तथा खेल उपकरण बनाने वाली कंपनी के गोदामों में भीषण आग लग गई। आग लगने से दोनों गोदामों में काफी माल जलकर राख हो गया। दोनों कंपनियों को बेहद नुकसान हुआ है। दर्जनभर गाड़ियों के सहारे दमकल कर्मियों ने आग पर नियंत्रण पाने की कोशिश की। सोमवार की सुबह करीब दस बजे यह घटना हुई। पहले नानपाओ रेजिंस कंपनी के गोदाम में ब्लास्ट के साथ आग लगी। ज्वलनशील पदार्थ होने तथा हवा चलने के कारण आग तेजी से फैली और साथ लगती प्लास्टिक खेल उपकरण बनाने वाली प्ले ग्रो (ग्रोकिड्स) कंपनी के गोदाम तक जा पहुंची। दोनों गोदामों में रखा माल जल कर राख हो गया। बहादुरगढ़, सांपला, बेरी, बाढ़सा, हिंदुस्तान प्लांट की दर्जनभर से अधिक गाड़ियों के सहारे दमकल कर्मियों ने बचाव कार्य शुरू किया। शाम तक आग भड़की हुई थी। दूर दूर तक काला धुआं दिखाई दिया। केमिकल कंपनी में ब्लास्ट होने के बाद आग लगने की बात सामने आई है। हालांकि इसकी वजह जांच का विषय है। गनीमत रही कि दोनों ही गोदामों में कोई जनहानि नहीं हुई और दमकल कर्मियों ने आग को फैलने से रोक दिया।

**■ ताइवानी केमिकल कंपनी नानपाओ तथा खेल उपकरण बनाने वाली कंपनी ग्रो किड्स के गोदाम में लगी आग**



## रेवाड़ी में आईबी व सीआईडी ने दो बांग्लादेशी पकड़े

रेवाड़ी। रेवाड़ी-महेन्द्रगढ़ रोड स्थित गांव जाडरा स्थित एक ईंट-भट्ठे पर सीआईडी और आईबी की टीम ने दो बांग्लादेशी घुसपैठियों को पकड़ा है। दोनों बांग्लादेशियों के परिजन दो दिन पहले ही रात के समय ईंट-भट्ठे से भाग निकले थे। दोनों ईंट-भट्ठे से अपना सामान गाड़ी में लोड करके भागने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन इससे पहले ही मौके पर पहुंची सीआईडी और आईबी की टीम ने दोनों को पकड़ लिया। दोनों बांग्लादेश के कुड़ीग्राम के रहने वाले है। सीआईडी और आईबी की टीम ने दोनो को रामपुरा थाना पुलिस के हवाले कर दिया है। गांव जाड़रा के जाडरा स्थित एक ईंट-भट्ठे से पकड़े गए बांग्लादेशियों की पहचान कुड़ीग्राम के गांव खाईताड़ी के रहने वाले 45 वर्षीय शिवेन बर्मन व गांव सतकूरा पार के रहने वाले 38 वर्षीय मोहम्मद मुस्तफा के रूप में हुई है। दोनों अपने परिजनों के साथ जाडरा स्थित एक ईंट-भट्ठे पर 20 साल से रह रहे थे। टीम ने आरोपियों को पुलिस को सौंप दिया।

**■ सामान कर रहे थे लोड, भागने की तैयारी थी**



## खुद को पुलिसकर्मी बताने वाली महिला गिरफ्तार, वर्दी बरामद

फतेहाबाद। फतेहाबाद पुलिस ने खुद को पुलिस बताने वाली एक महिला को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने महिला के पास से पुलिस वर्दी भी बरामद की है। पकड़ी गई महिला की पहचान गांव सनियाना की सिमरन उर्फ बेअंत कौर पत्नी हरप्रीत सिंह के तौर पर हुई है। पुलिस ने महिला को सोमवार अदालत में पेश किया है। मिली जानकारी के अनुसार थाना सदर टोहाना को क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने कहा था कि आरोपी महिला सिमरन उसके पति की बहन बनी हुई है। अभी वर्तमान में हमारा आपस में पति-पत्नी मनमुटाव हो गया है। आरोपी महिला सिमरन उनके खनौरा स्थित घर पर आई और उसके साथ मारपीट कर के धमकाया। इस केस के संबंध में पुलिस ने 3 मई को थाना सदर टोहाना में मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में जांच अधिकारी महिला एसआई शिक्षा ने कार्रवाई करते हुए सोमवार को महिला आरोपी सिमरन को गिरफ्तार किया।



## सेना के जवान से मारपीट

बावल। रविवार सायं बावल के आसरा का माजरा रोड पर बाइक को कार से टक्कर मारने के बाद आर्मी के जवान के साथ मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने कई लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। जवान की ओर से लगाए गए फायरिंग के आरोपों की जांच की जा रही है। जाट रेजिमेंट में तैनात आसरा का माजरा निवासी अंकुश 1 मई को ही छुट्टी लेकर घर आया था। उसने पुलिस शिकायत में बताया कि वह रविवार की सायं दवा लेने के लिए बाइक से बावल आया था। साबन चौक पर जूस पैक कराते समय एक आई-20 कार उसके साइड से निकली थी। जूस लेने के बाद जब वह अपने घर जा रहा था, तो आसरा का माजरा रोड पर उसकी बाइक को उसी कार ने टक्कर मार दी। इससे वह बाइक सहित गिर गया। इसी दौरान धनराज व अन्य ने मारपीट की।




चुनो अपना पल्सर और जॉइन करो ट्राइब
डाउन-पेमेंट शुरू ₹4 975/-*

| | 125 CARBON FIBRE | NS125 BASE | NS160 BASE | N250 |
|---|---|---|---|---|
| बचत | ₹2 000/- | - | ₹9 075/- | ₹8 986/- |
| स्पेशल क़ीमत (बचत के बाद) | ₹91 699/- | ₹99 994/- | ₹1 31 443/- | ₹1 45 171/- |

*एक्स-शोरूम क़ीमत

pulsar
DEFINITELY DARING

72198 21111 | BAJAJ SECURE - AMC - ROAD SIDE ASSISTANCE | BAJAJ CREDIT

*नियम और शर्तें लागू, *एक्स-शोरूम क़ीमत दर्शाए गए पल्सर वैरिएंट्स के लिए है. क़ीमत संशोधन बनाम दर्शाए गए पल्सर वैरिएंट्स की एक्स-शोरूम कीमत 31 मार्च 2025 के अनुसार. *पल्सर 125 नियॉन के लिए डाउन-पेमेंट मार्जिन मनी है। मार्जिन मनी में DCC शुल्क, प्रोसेसिंग फीस, अन्य शुल्क शामिल नहीं हैं और यह क्रेडिट मापदंडों की पूर्ति पर आधारित है. बजाज ऑटो के पास बिना पूर्व सूचना के किसी भी या सभी ऑफ़र्स को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नक़ल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें. एएमसी विशेष मॉडल्स और विशेष राज्यों में ही उपलब्ध है. अधिक जानकारी के लिए बजाज डीलर से संपर्क करें. रोड साइड सहायता अन्य पक्षों द्वारा उपलब्ध कराई जाती है और वह उनके नियम और शर्तों के अधीन होती है.

Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Gohana: Mahadev BAJAJ 8222949408 • Panipat: SUVIDHA BAJAJ 9812058111, 9812500103 • Kaithal: Shikha BAJAJ 9812392111/9812397111• Assandh: BALHARA BAJAJ 8059940113, 8059940114 • Rohtak: ANSH BAJAJ 9254211102 • Jhajjar: ANSH BAJAJ 7015152566: ANSH BAJAJ 9254211104 • Bahadurgarh: BABA BAJAJ 9215455501/03 • Faridabad: NIT,Railway Road:- GREEN BAJAJ 0129 -4036666, 9891020209 Old Faridabad Chowk 80764 05186 ,Neharpar/ Kheri 9958273030, Pyali Chowk/Dabua - 99582 82112 • Gurgaon: New Rly. Road : JSB BAJAJ 8882212365 • Old DLF, Chakarpur: JSB BAJAJ 9991437799; Manesar 8527394201: Pataudi 6394203979;; Manesar 8527394201: Pataudi 6394203979 ; • Khandsa Road: GSM BAJAJ 7838774484/85, Islampur : 7838774487, Islampur : 7838774487 • Nuh: Near bus Stand : Vidya Bajaj: 9350961708, 9350963537, 9485900072 • Sohna Road: 9355908502, 7838774480; Basai: 9218039153;. Ambala City: GOYAL BAJAJ 9781111000• Ambala Cantt: Goyal Bajaj 9053016401 • KARNAL: VEER BAJAJ 7419646451• KURUKSHETRA: VEER BAJAJ 7419646472• Pehowa: RAJINDERA BAJAJ 9729670800• Jagadhri: KRISHNA BAJAJ 9812031611 • Yamuna Nagar: KRISHNA BAJAJ 9813445102 • Panchkula: PANCHKULA BAJAJ 9115520031, 0172 -5064356. • Hansi: BALHARA BAJAJ: 9468244600, 9416265833 • Sirsa: RAJA BAJAJ 9996027379 • Bhiwani: SHREE SHYAM BAJAJ 9518801045 • Charki Dadri: BALHARA BAJAJ 7419977199, 9813201900 • Fatehabad: FATEHABAD BAJAJ 9017688012, 972869006 • Jind: BANSAL BAJAJ 9138215480 • Narnaul: RR BAJAJ 9466320249 • Ballabgarh: ARORA BAJAJ BALLABGARH: 7503000974/75 GAUNCHHI: 9069111729 VILL. TIGAON: 9873000517 •Palwal: VIDYA BAJAJ 9416636037, 9485900036, 9315332830. Authorised Service Centre: Samalkha(S): 9996099067, Samalkha(D): 9050103232, Sanoli : 9992300027, Bapoli: 9416311625, Israna: 9996453000, Matloda: 9466343515, Gharaunda: 9215633545, Kunjpura : 9050905911, Nissing: 8529811300, Jundla: 9813470474, Rajound: 7988582388, Munak: 9896715189, Indri: 9812823781, Gannur: 9812543331, Kundli: 9466036628, Kharkhoda: 9416370108, Bahalgarh -9034796560, Sampla: 9355803777, Dighal: 9215640087, Kalanaur: 8572000201, Meham: 7419900806, Badli: 9996966628, , Dhauj -9811382736, Badauli – 9555070555, Sururpur – 9069111729, , Dundahera: 9811348395, , Gurugram Sec. 17/18: 9891284122, Palam Vihar: 9891557677, Farruknagar: 9215128444, Manesar: 85273 94201, Pataudi: 99191 29123, Barara: 8221001211, Shehzadpur: 9017097170, Matheri: 9416225092, Nariangarh: 9468402222, Dosarka: 9813139393, Saha: 9416393643, Ladwa: 9812520888, Shahbad: 9802453090, Ismailabad: 9416264059, Pundri: 9729818200, Siwan: 9034700082, Kalayat: 8607670172, Cheeka: 9896566783, Bilaspur: 9467120411, Sadhoura: 9354299366, Chachrouli: 9812128042, Khizrabad: 9416377034, Radaur: 8295781731, Barwala: 9215762510, Raipur rani: 9416461366, Ramgarh: 9417184618, Pinjore: 9671758800 Marrawala: 9896060113, Barwala: 9050220005, , Uklana: 9671304776, , Siwani: 8168672841, Mangali: 9729643232, Ding Mandi: 9813656456, , Rania: 9728321221, Chopta: 9416619641, Kalawali: 7015067499, , Dabwali (D): 9996371906, Mundhal: 9671482000, Tosham: 9728585000, Dhigava: 9812890443, Behal: 9991801939, Barda: 9813310101, Loharu: 7027397000, Jhojhu: 9992322277, Jui: 8930000917,Jamalpur: 9413762285, Bawani Khera: 9466628317, Tohana: 9991997270, Ratia: 9350700079, Bhattu Mandi: 9812054503, Saffidon (M): 9896422766, Saffidon (Sk): 8607078500, Julana: 8929147777, Narwana: 9350483009, Uchana: 9466777844, Dhamtan Sahib: 9468102345, Dharuhera: 9812705798, Palhawas: 941624827O, Kund: 8059490007, Bawal: 9466926200, Kosli: 9416038181, Ateli: 9416347264, Mohindergarh: 9468323888, Kanina: 9416578910 Nangal Chaudhary: 8168091181, Dhauj -9811382736, Sikri: 8178008100, Hodal: 9728989313, Hatin: 9671600916, Mitrol: 9813095406, Hassanpur: 9416636633, Mohana: 9813903634, Sohna: 9050351153, Badshahpur: 9540694444., Tigaon: 9873000517,, Suroorpur –9069111729.

## रेटिंग एजेंसी मूडीज ने जारी की रिपोर्ट

# तनाव बढ़ने से पाकिस्तान की वृद्धि पर पड़ेगा असर, भारत अपेक्षाकृत रहेगा अछूता : मूडीज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


रेटिंग एजेंसी मूडीज रेटिंग्स ने 'भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव से पाकिस्तान की वृद्धि पर असर' शीर्षक से सोमवार को रिपोर्ट जारी की। इसमें कहा गया कि उसे भारत की आर्थिक गतिविधियों में कोई बड़ा व्यवधान उत्पन्न होने के आसार नहीं दिखते क्योंकि पाकिस्तान के साथ उसके आर्थिक संबंध बहुत मामूली हैं।

### भारत की कुल निर्यात में हिस्सेदारी 0.5 से भी कम

वर्ष 2024 में भारत के कुल निर्यात में इसकी हिस्सेदारी 0.5 प्रतिशत से भी कम रही थी। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादियों के पर्यटकों पर किए हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी। भारत ने पहलगाम में हुए नरसंहार के पीछे तीन पाकिस्तानी नागरिकों सहित पांच आतंकवादियों की पहचान की है ।

### पाक की आर्थिक स्थिरता बाधित होगी

मूडीज ने कहा, '' भारत के साथ तनाव निरंतर बढ़ने से पाकिस्तान की वृद्धि पर असर पड़ेगा और सरकार के मौजूदा राजकोषीय समेकन में बाधा आएगी, जिससे पाकिस्तान की व्यापक आर्थिक स्थिरता हासिल करने की प्रगति बाधित होगी।'' इस बात पर भी गौर करने की जरूरत है कि पाकिस्तान की वृहद आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है, वृद्धि दर धीरे-धीरे बढ़ रही है, मुद्रास्फीति घट रही है और आईएमएफ कार्यक्रम में निरंतर प्रगति के बीच विदेशी मुद्रा भंडार में भी वृद्धि हो रही है।




*भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने से भारत में कोई बड़ी आर्थिक बाधा उत्पन्न नहीं होगी। हालांकि, यह पाकिस्तान के लिए झटका होगा क्योंकि इससे उसका विदेशी मुद्रा भंडार दबाव में आ सकता है और उसकी वृद्धि दर प्रभावित हो सकती है।*



### आईएमएफ वित्तपोषण व्यवस्था का मूल्यांकन करेगा

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का कार्यकारी बोर्ड नौ मई को पाकिस्तानी अधिकारियों से मिलने वाला है, जिसमें जलवायु परिवर्तन ऋण कार्यक्रम के तहत पाकिस्तान के लिए 1.3 अरब अमेरिकी डॉलर की नई वित्तपोषण व्यवस्था का मूल्यांकन किया जाएगा। यह मौजूदा सात अरब अमेरिकी डॉलर के 'राहत' पैकेज का भी मूल्यांकन करेगा।

### भारत आईएमएम से पाक को दिए धन की जांच के लिए कहेगा

सूत्रों ने बताया कि भारत आईएमएफ सहित वैश्विक बहुपक्षीय एजेंसियों से पाकिस्तान को दिए गए धन व ऋण की फिर से जांच करने के लिए कहेगा। मूडीज ने कहा कि भारत में वृहद आर्थिक स्थितियां स्थिर रहेंगी, जो मजबूत सार्वजनिक निवेश तथा स्वस्थ निजी खपत के बीच धीमी लेकिन अब भी उच्चस्तर की वृद्धि से मजबूत होंगी।

- पाक का विदेशी मुद्रा भंडार दबाव में आ सकता है
- पाकिस्तान की वृद्धि दर भी हो सकती है प्रभावित
- भारत की आर्थिक गतिविधियों में कोई व्यवधान नहीं आएगा

*पाक के लिए बाहरी धन जुटाना होगा कठिन : मूडीज ने कहा, '' तनाव लगातार बढ़ने से पाकिस्तान की बाह्य वित्तपोषण तक पहुंच बाधित हो सकती है तथा उसके विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव पड़ सकता है जो अगले कुछ वर्षों के लिए उसके बाह्य ऋण भुगतान की जरूरतों को पूरा करने के लिए आवश्यक स्तर से काफी कम है।''*

*भारत के राजकोषीय ताकत पर भार पड़ेगा : रेटिंग एजेंसी ने कहा, '' स्थानीय तनाव में निरंतर वृद्धि के परिदृश्य में, हम भारत की आर्थिक गतिविधियों में बड़े व्यवधान के आसार नहीं देखते हैं, क्योंकि पाकिस्तान के साथ भारत के आर्थिक संबंध बहुत मामूली हैं। हालांकि, उच्च रक्षा खर्च संभावित रूप से भारत की राजकोषीय ताकत पर भार डालेगा और इसके राजकोषीय समेकन को धीमा कर देगा।''*

# हुंडई की क्रेटा पहले भी नंबर 1 थी, अब भी! इस कार को टक्कर देने वाला कोई नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हुंडई के लिए भारतीय बाजार में क्रेटा अब तक का सबसे सफल मॉडल है। यह कॉम्पैक्ट सी-सेगमेंट एसयूवी लगभग एक दशक से हुंडई का सबसे ज्यादा बिकने वाला मॉडल है। और यह अभी भी बाजार में अपनी पकड़ बनाए हुए है। लगातार दूसरे महीने, हुंडई क्रेटा देश का सबसे ज्यादा बिकने वाला पैसेंजर व्हीकल बन गया है। मार्च में भी क्रेटा सेल में नंबर 1 थी और अप्रैल में भी ये टॉप पर रही। इस साल अप्रैल में, हुंडई ने देशभर में 17,016 यूनिट्स क्रेटा की डिलीवरी की, जिससे एनुअल ग्रोथ दर 10.2 प्रतिशत रही। अप्रैल 2024 में, दक्षिण कोरियाई कार निर्माता ने 15,447 यूनिट्स क्रेटा की डिलीवरी की। मार्च 2025 में, हुंडई ने डीलरशिप्स को 18,059 यूनिट्स एसयूवी की डिलीवरी की।



# एप्पल इंडिया की बिक्री मार्च तिमाही में 25 प्रतिशत बढ़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में एप्पल के आईफोन की आपूर्ति में जनवरी-मार्च तिमाही 2025 में सालाना आधार पर 25 प्रतिशत बढ़ोतरी दर्ज की गई। इस दौरान इसकी बाजार हिस्सेदारी भी बढ़कर आठ प्रतिशत हो गई। साइबरमीडिया रिसर्च (सीएमआर) की सोमवार को जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक, चीन की स्मार्टफोन विनिर्माता वीवो की जनवरी-मार्च 2025 तिमाही में भारत के समग्र स्मार्टफोन बाजार में सबसे अधिक 20 प्रतिशत हिस्सेदारी रही। इसके साथ ही भारतीय स्मार्टफोन बाजार में इसमें अपना दबदबा कायम रखा। वहीं दक्षिण कोरिया की कंपनी सैमसंग 18 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ भारतीय बाजार में दूसरे और शाओमी 13 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ तीसरे स्थान पर रही। रिपोर्ट के मुताबिक, शाओमी की हिस्सेदारी में सालाना आधार पर शीर्ष पांच में शामिल कंपनियों में से सबसे अधिक 37 प्रतिशत की गिरावट आई। यह किफायती और 'वैल्यू-फॉर-मनी' स्मार्टफोन दोनों खंडों में चुनौतियों को दर्शाती है। ओप्पो स्मार्टफोन की बिक्री सालाना आधार पर आठ प्रतिशत बढ़ी और इसकी बाजार हिस्सेदारी 12 प्रतिशत पर पहुंच गई।


**सूचना**

मैं, दीपक सुपुत्र श्री मुकेश निवासी सुण्डाना तह. कलानौर जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरे सभी दस्तावेजों में मेरी माता का नाम कल्पना (KALPANA) तथा जन्म तिथि 18.08.1982 दर्ज है। मेरी माता जी के आधार कार्ड तथा अन्य घरेलू दस्तावेजों में उनका नाम कल्पना (KALPNA) तथा जन्म तिथि 01.01.1982 दर्ज है। अब मेरी माता जी का नाम नाम कल्पना (KALPNA) तथा जन्म तिथि 01.01.1982 सही व दुरूस्त है जो मेरे सभी दस्तावेजों में सही समझी जाए।

**ग्राम पंचायत बरुवाली 1, सिरसा**

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बरुवाली 1 खण्ड एवं जिला सिरसा के दो जोहड़ों की मछली पालन हेतू नीलामी दिनांक 16-05-2025 शुक्रवार को सुबह 10 बजे भट्टी चौक में करवाई जाएगी। इच्छुक बोलीदाता को सिक्योरिटी राशि 50,000 रुपये जमा करवानी होगी। बोली की अन्य शर्तें व नियम मौके पर बता दिए जाएंगे।

ग्राम सचिव सुशील कुमार मो. 8901339332

सरपंच सीता कम्बोज मो. 98134-32022


# सोना 550 रुपए उछला, चांदी में 400 रुपए की गिरावट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 550 रुपये बढ़कर 97,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत शुक्रवार को 96,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी सोमवार को 550 रुपये बढ़कर 96,900 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। पिछले सत्र में सोने की कीमत 96,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। हालांकि, चांदी 400 रुपये टूटकर 96,700 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी का भाव 97,100 रुपये प्रति किलोग्राम रहा था। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में हाजिर सोना 46.34 डॉलर बढ़कर 3,286.83 डॉलर प्रति औंस हो गया। कोटक सिक्योरिटीज में एवीपी-जिंस शोध कायनात चैनवाला ने कहा, ''मंगलवार से शुरू होने वाली अमेरिकी फेडरल रिजर्व की दो दिवसीय फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक से पहले डॉलर में नरमी के कारण सोना 3,280 डॉलर प्रति औंस हो गया।''



- सोना बढ़कर 97 .350 रुपए प्रति 10 ग्राम
- चांदी घटकर 96,700 रुपए प्रति किलोग्राम रह गई

### फेड के निर्णय पर बाजार की नजर

चैनवाला ने कहा, ''...बाजार प्रतिभागी फेडरल रिजर्व के चेयरमैन, जेरोम पावेल की निर्णय के बाद की प्रेस कॉन्फ्रेंस पर सतर्कता से नजर रख रहे हैं। इसके अलावा, अमेरिकी-चीन व्यापार घटनाक्रमों को लेकर अनिश्चितता से जोखिम भावना सतर्क रहने की संभावना है।

# सेंसेक्स-निफ्टी इस साल के उच्चतम स्तर पर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

विदेशी कोषों का निवेश जारी रहने और कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में तेज गिरावट आने के बीच सोमवार को स्थानीय शेयर बाजारों में लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में तेजी रही और दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स एवं निफ्टी इस साल के अपने उच्चतम स्तर पर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 294.85 अंक यानी 0.37 प्रतिशत चढ़कर 80,796.84 अंक पर बंद हुआ। यह चार महीनों से अधिक समय का इसका उच्चतम बंद स्तर है। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 547.04 अंक बढ़कर 81,049.03 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी भी 114.45 अंक 24,461.15 अंक पर पहुंच गया।सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), पावर ग्रिड, आईटीसी, टाटा मोटर्स, एशियन पेंट्स और हिंदुस्तान यूनिलीवर भी लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, कोटक महिंद्रा बैंक में 4.57 प्रतिशत की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। निजी क्षेत्र के इस बैंक का वित्त वर्ष 2024-25 की मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 7.57 प्रतिशत गिर गया है। इसके अलावा भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक, टाइटन और इंडसइंड बैंक के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए। जियोजीत इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''बाजार ने अपनी सकारात्मक गति को बनाए रखा है, हालांकि आशावाद थोड़ा कम हुआ है। अप्रैल में निरंतर विदेशी प्रवाह और रिकॉर्ड जीएसटी संग्रह आर्थिक गतिविधियों में मजबूती को दर्शाता है।


**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद नारनौल | एम.सी. नारनौल में विभिन्न स्थानों में नाला ड्रेन की सफाई और सेक्टर-1, फेज-1 2 वार्ड नं. 31 के विभिन्न स्थानों पर विभिन्न आकार के स्टोर्म वाटर लाइंस मेन होल्स गल्ली चेम्बर्स की पुरानी पाइप लाइंस की सफाई। | 01.05.2025 12.05.2025 | 23.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466427222 eemcnamaul@gmail.com |
| 2 | नगर परिषद नारनौल | लीलाराम के मकान से दीपक के मकान तक वार्ड में आईपीबी रोड का निर्माण + 42 कार्य। | 28.04.2025 07.05.2025 | 3.63 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9466427222 eemcnamaul@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/34473/I/88/6 दि. 05.05.25

**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका महम | एम.सी. महम में विभिन्न स्थानों पर नाला की सफाई। | 02.05.2025 12.05.2025 | डीएनआईटी के अनुरूप | https://etenders.hry.nic.in | 9416022295 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/34459/I/88/6 दि. 05.05.25

**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद झज्जर | शिव / लाल चंद कॉलोनी वार्ड नं. 1, एम.सी. झज्जर में धर्मबीर के मकान से भारत भूषण से धर्मपाल नांदल, मास्टर दिलभाग से राजबीर और अन्य तक विभिन्न सी.सी. गलियों का निर्माण + 19 कार्य। | 02.05.2025 09.05.2025 | 3.46 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9813082444 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/34441/I/88/6 दि. 05.05.25

**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | अप्पू घर एम.सी. रोहतक में ओपन ड्रेनेज सिस्टम का निर्माण। | 01.05.2025 08.05.2025 | 17.46 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/34439/I/88/6 दि. 05.05.25

**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण /ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद सोहना | वार्ड नं. 02 से 11 और जोन-1 एम.सी. सोहना में हाईड्रोल चार्जेबल की व्यवस्था करना, ऑन/ऑफ, मैटीरियल चार्जेज की कीमत अर्थात ड्राईवर, एमसीपीसीबी और टेप रोल, सभी अन्य छोटी मोटी सामग्रियों इत्यादि समेत गलियों और पोल्स पर स्थापित स्ट्रीट लाइट्स (30/45 वॉट, 72/90 वॉट, 120/150 वॉट एलईडी और हाई मास्ट लाइट्स) का प्रचालन, मरम्मत और रखरखाव + 8 कार्य। | 02.05.2025 19.05.2025 | 2.72 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 8750551500 eo-sohna@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/60/34458/I/88/6 दि. 05.05.25



**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


# रिजर्व बैंक ने दूसरी छमाही में 25 टन सोना बढ़ाया

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्तवर्ष 2024-25 की दूसरी छमाही में अपने भंडार में लगभग 25 टन सोना बढ़ाया है। इस अवधि में सोने की कीमतों में वृद्धि देखी गई थी। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। केंद्रीय बैंक के पास अब अपने भंडार में 879.59 टन सोना है, जबकि सितंबर 2024 के अंत में उसके पास 854.73 टन सोना था। वित्तवर्ष 2024-25 में, केंद्रीय बैंक ने अपने भंडार में सोने की मात्रा 57 टन और बढ़ाई, जिस अवधि के दौरान सोने की कीमतों में 30 प्रतिशत की तेजी देखी गई थी। यह पिछले सात वर्षों में सबसे बड़ी वार्षिक वृद्धि है।अर्धवार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, स्थानीय रूप से संग्रहीत कीमती धातु की मात्रा मामूली रूप से बढ़कर 511.99 टन हो गई। स्थानीय तिजोरियों में रखे सोने के अलावा, 348.62 टन सोना बैंक ऑफ इंग्लैंड और बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स (बीआईएस) के पास था।


**राजकीय बहुतकनीकी शिक्षा संस्थान**
महम (रोहतक) ई-मेल- gp.meham-hry@gov.in

**Municipal Corporation, Rohtak**

राजकीय बहुतकनीकी शिक्षा संस्थान (Govt. Polytechnic Education Society, Meham), महम (रोहतक) में स्क्रैप जिसमें लोहा (अनुमानित 700 किलो), जी०आई०सीट (अनुमानित 120 किलो), और कागज (अनुमानित 350 किलो), की रद्दी आदि की खुली नीलामी 09.05.2025 को सुबह 10:00 बजे की जाएगी। इच्छुक खरीददार संस्थान में आकर 09.05.2025 को सुबह 10:00 बजे तक अपनी सिक्योरिटी फीस (रिफण्डेबल) एक हजार रूपये जमा करवाकर इस नीलामी में हिस्सा लें सकते हैं।

हस्ता/-प्रधानाचार्य
राजकीय बहुतनीकी शिक्षा समिति
महम रोहतक।


## राशिफल


**मेष** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।


**वृष** मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।


**मिथुन** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।


**कर्क** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।


**सिंह** व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।


**कन्या** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।


**तुला** मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।


**वृश्चिक** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।


**धनु** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।


**मकर** क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।


**कुंभ** रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।


**मीन** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

# चालू वित्त वर्ष में रेपो दर में कुल 1.5 प्रतिशत तक कटौती संभव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) चालू वित्त वर्ष में मुद्रास्फीति को काबू में रखने के साथ ही नीतिगत दरों में कुल 1.25-1.5 प्रतिशत तक कटौती कर सकता है। एसबीआई रिसर्च के एक अध्ययन में सोमवार को यह अनुमान जताया गया।इसमें सुझाव दिया गया कि केंद्रीय बैंक को रेपो में आधा प्रतिशत की बड़ी कटौती करनी चाहिए, क्योंकि यह अधिक प्रभावी होगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति में तेज गिरावट हुई है और यह मार्च, 2025 में 67 महीने के निचले स्तर 3.34 प्रतिशत पर आ गई है। खाद्य मुद्रास्फीति में तेजी से सुधार के चलते ऐसा संभव हो सका। भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग की 'मुद्रास्फीति और दर कटौती प्रक्षेप पथ' शीर्षक वाली शोध रिपोर्ट में कहा गया कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए चालू कीमतों पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि 9-9.5 प्रतिशत की सीमा में रहने की उम्मीद है।


**आर्य प्रतिनिधि सभा हरयाणा का निर्वाचन**

आर्य प्रतिनिधि सभा हरयाणा सिद्धान्ती भवन दयानन्दमठ रोहतक से सम्बद्ध समस्त हरयाणा के आर्यसमाज के अधिकारियों को सूचित किया जाता है कि सभा का त्रिवार्षिक निर्वाचन नवम्बर 2025 में होना प्रस्तावित है। त्रिवार्षिक चुनाव के लिए आर्यसमाजों को अपने प्रतिनिधि फार्म भरकर भेजने की अन्तिम तिथि 31 मई 2025 निश्चित की गई है। प्रतिनिधि फार्म सभा कार्यालय से कार्यदिवसों में कभी भी प्राप्त किये जा सकते हैं। विस्तृत जानकारी सभा की वेबसाइट www.apsharyana.org पर देखें।

दिनांक : 05.05.2025 उमेद शर्मा, मन्त्री


## शब्द पहेली - 5858



**बाएँ से दाए-**
1.सेवक,दास-3
3.निवास करना-3
5.खुजली-2
6.परोपकारी-5
9.प्याला,जाम-2
11.टोंटी,नलका-2
12.आनंद,जूस-2
13.प्रतिज्ञा,शपथ-3
16.सिमरन,सुमरन-3
18.सुअर-3
20.पेन,लेखनी-3
22.कमल,जलज-3
23.क्रोध,गुस्सा-2
24.पाश,फंदा-2
25.शोषण करना-3
28.गौरव,प्रशंसा-3
30.सूत कातने का साधन-3
31.गौरव-3
33.देवर्षि-3
35.अंधकार-2
36.यमराज-2
38.अलमस्त-2
40.सलाह देने वाला-5
41.बीता दिन-2
42.रसदार-3
43.इंद्रियों को जीतने वाला-3

**ऊपर से नीचे**
1.उर्वरक-2
2.विशाल,श्रेष्ठ-3
3.धनवान,संपन्न-3
4.घ्राणेद्रिय,इज्जत-2
5.दैत्य,असुर-3
7.मायाजाल-3
8.उद्धार,पार लगाना-3
10.शरण,आश्रय-3
14.चूर-चूर,ढहा-5
15.टोंटी,नलका-2
17.युद्ध,संग्राम-2
18.दूल्हा-2
19.राजपुत्र-5
21.मद्रास का समुद्र तट-3
22.नीले रंग का बहुमूल्य रत्न-3
26.मित्र,दोस्त.मीत-2
27.हूर,अप्सरा
29.मेहंदी-2
30.शीर्ष,पराकाष्ठा-3
31.इसमें पौधा लगाते हैं-3
32.पीहर,नैहर-3
34.युक्तिवाद,पैरवी-3
35.टब,परात,तगारी-3
37.इच्छा-3
39.परत,तह-2
41.कदर,सम्मान-2

**शब्द पहेली -5857 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | म | ला | का | र | | | कु | रा | न | |
| था | न | | र | | कै | ला | श | | भ | ला |
| वा | | | खा | विं | द | | ल | | | य |
| च | म | क | ना | | | त | | क | स | क |
| क | | या | | क | ल | क | ल | | ली | |
| | आ | स | | ल | | रा | | शा | म | |
| | रा | | क | र | ता | र | | म | | ख |
| श | म | न | | व | | | म | त | ल | ब |
| ह | | | म | | दा | म | न | | | र |
| र | थ | | ग | र | म | | च | | दा | दा |
| | ल | की | र | | | स | ली | के | दा | र |






# वार्षिक रैंकिंग : भारत वनडे और टी20 का बादशाह, ऑस्ट्रेलिया टेस्ट में नंबर-1

एजेंसी ▶▶ दुबई

भारत ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की सोमवार को जारी नवीनतम वार्षिक पुरुष रैंकिंग में सफेद गेंद प्रारूप में अपना दबदबा कायम रखते हुए वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपनी बादशाहत कायम रखी। टेस्ट प्रारूप में भारत एक स्थान नीचे चौथे नंबर पर खिसक गया जिसमें ऑस्ट्रेलिया शीर्ष पर काबिज है। नवीनतम रैंकिंग में मई 2024 के बाद से खेले गए सभी मैचों की दर 100 प्रतिशत और उससे पहले के दो वर्षों की 50 प्रतिशत है।

### वनडे : चैंपियंस ट्रॉफी चैंपियन के बढ़े अंक

वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल में पहुंचने वाले भारत को वनडे रैंकिंग में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने का फायदा मिला है। इससे उसके रेटिंग अंक 122 से बढ़कर 124 हो गए हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में उपविजेता न्यूजीलैंड ऑस्ट्रेलिया को पछाड़कर दूसरे स्थान पर आ गया है। ऑस्ट्रेलिया अब तीसरे स्थान पर है। श्रीलंका ने हाल के महीनों में घरेलू मैदान पर शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला जीत भी शामिल है। इससे उसे पांच रेटिंग अंक का फायदा हुआ और वह चौथे स्थान पर पहुंच गया है।



### टी20 : शीर्ष पर विश्व चैंपियन

टी20 में मौजूदा विश्व चैंपियन भारत शीर्ष पर है, हालांकि दूसरे स्थान पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया पर उसकी बढ़त 10 से घटकर नौ अंक हो गई है। पहली बार वार्षिक अपडेट में वैश्विक टी20 रैंकिंग में 100 टीमों को शामिल किया गया है। सूची में वे सभी टीमें शामिल हैं जिन्होंने पिछले तीन वर्षों में कम से कम आठ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। इंग्लैंड तीसरे नंबर पर है, जबकि न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका क्रमशः चौथे, पांचवें और छठे नंबर पर हैं। इनके बाद श्रीलंका, पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, आयरलैंड और जिंबॉब्वे का नंबर आता है।

### टेस्ट में बेस्ट ऑस्ट्रेलिया

मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने टेस्ट टीम रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है, हालांकि वार्षिक अपडेट के बाद उसकी बढ़त 15 से घटकर 13 अंक रह गई है। ऑस्ट्रेलिया के 126 रेटिंग अंक हैं। इंग्लैंड की टीम दक्षिण अफ्रीका और भारत दोनों को पछाड़ते हुए दूसरे स्थान पर पहुंच गई। उसके रेटिंग अंक 113 हो गए हैं। दक्षिण अफ्रीका (111) और भारत (105) एक एक स्थान फिसलकर क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर पहुंच गए। उनके बाद न्यूजीलैंड, श्रीलंका, पाकिस्तान, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और जिम्बाब्वे हैं। टेस्ट तालिका में अभी केवल 10 टीम शामिल हैं।

खास खबर

## पर्व ने जीता जूनियर विश्व कांस्य पदक



**लीमा।** भारतीय भारोत्तोलक पर्व चौधरी ने यहां आईडब्ल्यूएफ युवा और जूनियर विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता। पर्व ने लड़कों के युवा वर्ग के 96 किग्रा भार वर्ग में कुल 315 किग्रा वजन उठाया। उन्होंने स्नैच में 140 किग्रा वजन उठाया। क्लीन एवं जर्क में उन्होंने 175 किग्रा वजन उठाकर कांस्य पदक हासिल किया। मौजूदा टूर्नामेंट में यह भारत का तीसरा पदक है। ज्योशना सबर (40 किग्रा) और हर्षबर्धन साहू (49 किग्रा) ने भी पिछले सप्ताह अपने-अपने भार वर्ग में कांस्य पदक जीते थे।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 11 | 8 | 3 | 16 |
| पंजाब | 11 | 7 | 3 | 15 |
| मुंबई | 11 | 7 | 4 | 14 |
| गुजरात | 10 | 7 | 3 | 14 |
| दिल्ली | 11 | 6 | 4 | 13 |
| कोलकाता | 11 | 5 | 5 | 11 |
| लखनऊ | 11 | 5 | 6 | 10 |
| हैदराबाद | 11 | 3 | 7 | 7 |
| राजस्थान | 12 | 3 | 9 | 6 |
| चेन्नई | 11 | 2 | 9 | 4 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
505 रन
बेंगलुरु

पर्पल कैप



प्रसिद्ध कृष्णा
19 विकेट
गुजरात

## आईपीएल: दोनों टीमों को एक-एक अंक मिला

# दिल्ली के खिलाफ मैच बारिश की भेंट चढ़ा सनराइजर्स प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर हुआ

भाषा ▶▶ हैदराबाद

दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ने के साथ सनराइजर्स हैदराबाद की टीम सोमवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग के प्ले ऑफ में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो गई। दोनों टीम को इस मैच से एक-एक अंक मिला जिससे दिल्ली के 11 मैच में 13 अंक हो गए हैं और टीम पांचवें स्थान पर बनी हुई है। सनराइजर्स की टीम 11 मैच में सात अंक के साथ आठवें स्थान पर है लेकिन अब अधिकतम 13 अंक जुटा सकती है जबकि पहले ही चार टीम 14 या इससे अधिक अंक हासिल कर चुकी हैं। सनराइजर्स की टीम प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर होने वाली तीसरी टीम है। राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपरकिंग्स भी पहले ही प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर हो चुके हैं। सनराइजर्स ने कप्तान पैट कमिंस (19 रन पर तीन विकेट) की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से दिल्ली को सात विकेट पर 133 रन के स्कोर पर रोक दिया। पारी के ब्रेक के दौरान हालांकि तेज बारिश शुरू हो गई और मैच दोबारा शुरू नहीं हो पाया। कमिंस की धारदार गेंदबाजी के सामने दिल्ली ने 29 रन तक पांच विकेट गंवा दिए थे लेकिन टीम ट्रिस्टन स्टब्स (नाबाद 41, 36 गेंद, चार चौके) और आशुतोष शर्मा (41 रन, 26 गेंद, तीन छक्के, दो चौके) की उपयोगी पारियों और दोनों के बीच सातवें विकेट की 66 रन की साझेदारी की सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचने में सफल रही। जयदेव उनादकट ने भी किफायती गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 13 रन देकर एक विकेट चटकाया। ईशान मलिंगा (28 रन पर एक विकेट) और हर्षल पटेल (36 रन पर एक विकेट) ने भी एक-एक विकेट हासिल किया। कमिंस ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया और फिर टीम को शानदार शुरुआत दिलाते हुए 15 रन तक ही दोनों सलामी बल्लेबाजों करुण (00) और डु प्लेसी (03) तथा अभिषेक (08) को पवेलियन भेज दिया। कमिंस ने मैच की पहली ही गेंद पर नायर को विकेटकीपर इशान किशन के हाथों कैच कराया।




### मुंबई-गुजरात प्लेआफ के प्रबल दावेदार, मैच आज

**मुंबई।** प्लेआफ में पहुंचने की प्रबल दावेदार मुंबई इंडियंस का सामना आईपीएल में मंगलवार को गुजरात टाइटंस से होगा तो फॉर्म में चल रहे गुजरात के शीर्षक्रम के तीनों बल्लेबाजों के लिए बेहतरीन गेंदबाजी आक्रमण का सामना करने की कड़ी चुनौती होगी। सभी टीमों में सर्वश्रेष्ठ नेट रनरेट वाली मुंबई की टीम को बाकी तीन में से दो मैच जीतने होंगे ताकि प्लेआफ में प्रवेश कर सके। पांच बार की चैंपियन टीम इनमें से दो मैच अपने मैदान पर खेलेगी जहां उसने पांच में से चार मैच जीते हैं। चौथी रैंकिंग वाली गुजरात की टीम को अभी चार मैच खेलने हैं जिनमें से दो अहमदाबाद में खेलने हैं जहां उसने पांच में से चार मैच जीते हैं। शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम को भी प्लेआफ में पहुंचने के लिये दो मैच और जीतने हैं। गुजरात के बी साइ सुदर्शन (504 रन), जोस बटलर (470) और कप्तान गिल (465) जबर्दस्त फॉर्म में हैं। अब उन्हें मुंबई के ट्रेंट बोल्ट (16 विकेट), हार्दिक पंड्या (13) , जसप्रीत बुमराह (11) और दीपक चाहर (नौ) का सामना करना है जो आसान नहीं होगा। मुंबई के जीत की राह पर लौटने के बाद से इन्होंने किसी मैच में 200 से अधिक रन विरोधी टीम को बनाने नहीं दिए हैं।

### प्लेआफ का सपना अभी भी बरकरार : पंत



**धर्मशाला।** खराब प्रदर्शन से निराश लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान ऋषभ पंत ने अभी भी आईपीएल प्लेआफ में प्रवेश की उम्मीद छोड़ी नहीं है और उनका मानना है कि बाकी तीन मैचों में उनकी टीम हालात बदल सकती है। बल्लेबाजों के एक बार फिर खराब प्रदर्शन के कारण लखनऊ को रविवार को पंजाब किंग्स ने 37 रन से हराया। पंत ने मैच के बाद कहा, 'सपना अभी भी बरकरार है। अगर हम अगले तीन मैच जीत जाएं तो हालात बदल सकते हैं।'

### हैदराबाद ने हर्ष दुबे को टीम में शामिल किया



**नई दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग के शेष सत्र के लिए चोटिल होने के कारण बाहर होने वाले बाएं हाथ के बल्लेबाज स्मरण रविचंद्रन के स्थान पर हरफनमौला हर्ष दुबे को टीम में शामिल किया है। घरेलू क्रिकेट में विदर्भ की तरफ से खेलने वाले दुबे को सनराइजर्स ने 30 लाख रुपए में अपनी टीम से जोड़ा है। इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने 16 टी20, 20 लिस्ट ए मैच और 18 प्रथम श्रेणी खेले हैं। उन्होंने सभी प्रारूपों में 127 विकेट और 941 रन बनाए हैं।

### कैस्पर रूड ने जीता अपना पहला मास्टर्स 1000 खिताब



**मैड्रिड।** कैस्पर रूड रविवार को मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जैक ड्रेपर को 7-5, 3-6, 6-4 से हराकर मास्टर्स 1000 खिताब जीतने वाले पहले नॉर्वे के पहले खिलाड़ी बन गए। रूड ने पहले सेट में 5-3 से पिछड़ने के बाद वापसी की और तीसरे सेट में अपने एकमात्र ब्रेक प्वाइंट का फायदा उठाकर जीत पक्की कर ली। रूड ने मैच के बाद कहा, ''यहां चैंपियन बनना मेरे बड़े लक्ष्यों में से एक था जिसके बारे में मैंने तब सपना देखा था जब मैं छोटा था, इसलिए इसे पूरा करना एक अविश्वसनीय अहसास है।' इस जीत से रूड विश्व रैंकिंग में फिर से चोटी के 10 खिलाड़ियों में शामिल हो गए हैं।

## खबर संक्षेप



### मैं बहुत आगे के बारे में नहीं सोचता : अर्शदीप

**धर्मशाला।** जाब किंग्स की लखनऊ सुपर जॉइंट्स के खिलाफ आईपीएल मैच में जीत में अहम भूमिका निभाने वाले तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह का जीवन जीने का तरीका बेहद सरल है, बहुत आगे के बारे में नहीं सोचना और वर्तमान में जीने का पूरा आनंद लेना। अर्शदीप ने लखनऊ के चोटी के तीन बल्लेबाजों को आउट करके पंजाब को शानदार शुरुआत दिलाई। उन्होंने अब तक आईपीएल के वर्तमान सत्र में 11 मैचों में 16 विकेट ले लिए हैं और प्रसिद्ध कृष्णा (19 विकेट) और जोश हेज़लवुड (18 विकेट) के बाद सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में तीसरे स्थान पर हैं।

### सिनर का डोपिंग प्रतिबंध खत्म, करेंगे वापसी

**रोम।** विश्व के नंबर एक पुरुष खिलाड़ी यानिक सिनर पर डोपिंग के लिए लगा तीन महीने का प्रतिबंध सोमवार को खत्म हो गया और वह अपने घरेलू टूर्नामेंट इटालियन ओपन से कोर्ट पर वापसी करने के लिए तैयार हैं।



सिनर ने इस साल के शुरू में लगातार दूसरी बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीतने के बाद कोई टूर्नामेंट नहीं खेला है। इसके बाद उन्हें विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी के साथ हुए समझौते के तहत तीन महीने का प्रतिबंध झेलना पड़ा था। इटालियन ओपन में यह पहला अवसर होगा जब कोई स्थानीय खिलाड़ी विश्व के नंबर एक खिलाड़ी के रूप में अपनी चुनौती पेश करेगा।

### भारत ने दिव्यांग क्रिकेट श्रृंखला में श्रीलंका को 5-0 से हराया

**बेंगलुरु।** भारतीय शारीरिक दिव्यांग क्रिकेट टीम ने पी डी दीपक लोहिया स्मृति ट्रॉफी पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में श्रीलंका को 5-0 से हराया।



पांच मैचों की श्रृंखला यहां 26 अप्रैल से पांच मई के बीच किनि क्रिकेट मैदान पर खेली गई थी। पांचवें मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 191 रन बनाए और श्रीलंका को 15 ओवर में 88 रन पर आउट कर दिया। भारत ने पहला मैच 103 रन से, दूसरा छह विकेट से, तीसरा तीन विकेट से और चौथा 66 रन से जीता था।

## 54 मैच बाद भी प्लेऑफ तय नहीं पांच टीमें पा सकती हैं 18 अंक !

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*आईपीएल 2025 में अब तक 54 मुकाबले खेले जा चुके हैं और अब तक सिर्फ दो ही टीमें- चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स ही एलिमिनेट हो सकी हैं। अभी भी कोई भी टीम प्लेऑफ के लिए आधिकारिक तौर पर क्वालिफाई नहीं कर सकी है और शीर्ष चार स्थानों के लिए आठ टीमों के बीच जंग है। हालांकि, पिछले 17 सत्र में कभी ऐसा नहीं हुआ कि जिस टीम ने 16 अंक पाए हों वह क्वालिफाई न कर पाया हो। ऐसे में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का क्वालिफाई करना तय माना जा रहा है। बाकी के तीन स्थानों के लिए सात टीमों के बीच जंग है।*

#### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

आरसीबी की टीम सीएसके के खिलाफ जीत के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच चुकी है। पांच टीमों के लिए 18 अंकों पर समाप्त करना अभी भी संभव है। इसका मतलब है कि क्वालिफिकेशन पूरी तरह से सुनिश्चित करने के लिए आरसीबी को दो और जीत की जरूरत है। हालांकि, अगर अन्य परिणाम उनके पक्ष में जाते हैं, तो वे नेट रन रेट पर निर्भर हुए बिना 16 अंकों के साथ भी क्वालिफाई कर सकते हैं।

#### दिल्ली कैपिटल्स

शुरुआती छह मैचों में पांच जीत के साथ दिल्ली ने सीजन की शानदार शुरुआत की थी, लेकिन 10 मैचों तक आते आते यह आंकड़े छह जीत ही रह गए। यानी पिछले चार मैचों में टीम को तीन में हार मिली है। यही वजह है कि कभी शीर्ष पर रही दिल्ली की टीम पांचवें स्थान पर लुढ़क गई है। अन्य टीमों की तरह 18 अंक पाकर भी दिल्ली का प्लेऑफ में पहुंचना तय नहीं है, लेकिन 14 अंक पाकर भी वह पूरी तरह समीकरण से बाहर नहीं होंगे।

#### कोलकाता नाइट राइडर्स

रविवार को राजस्थान के खिलाफ जीत ने केकेआर को शीर्ष चार की दौड़ में बनाए रखा है। 11 मैचों में 11 अंकों के साथ टीम फिलहाल छठे स्थान पर है। हालांकि वे अधिकतम 17 अंक ही पा सकते हैं। अभी पांच टीमों के लिए 18 या अधिक अंकों पर समाप्त करना संभव है।

#### पंजाब किंग्स

लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ पंजाब की जीत ने उन्हें 15 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया। अभी उनके तीन मैच बचे हैं। दो और जीत पंजाब को प्लेऑफ में पहुंचा देगी। यदि पंजाब की टीम अपने शेष तीनों मैच हार जाती है तो उन्हें अन्य परिणामों पर बहुत अधिक निर्भर रहना होगा।

#### गुजरात टाइटंस

गुजरात की टीम के अभी फिलहाल चार और मैच बाकी हैं और टीम के पास 14 अंक हैं। उनका नेट रन रेट मुंबई इंडियंस के बाद दूसरा सर्वश्रेष्ठ है। जीटी के पक्ष में फिलहाल हर एक समीकरण है। अगर सबकुछ सही रहा तो यह टीम शीर्ष दो में भी अपना स्थान पक्की कर सकती है। उनके शेष तीन मैचों में से दो घर पर हैं, जो कि उनके समीकरण और दावे को और मजबूत बनाता है। घर पर उनका सीएसके और लखनऊ जैसी टीमों के खिलाफ 4-1 का जीत-हार का रिकॉर्ड है।

#### मुंबई इंडियंस

लगातार छह जीत के साथ मुंबई की टीम ने इस सत्र में जबरदस्त वापसी की। मुंबई का शीर्ष चार में समाप्त होना लगभग तय माना जा रहा है। अगर वह मौजूदा फॉर्म को जारी रखते हैं तो शीर्ष दो में भी स्थान बना सकते हैं। सभी टीमों में मुंबई का नेट रन रेट सर्वश्रेष्ठ भी है। मुंबई के अगर 14 अंक भी रहते हैं तो भी यह टीम शीर्ष चार में पहुंच सकती है, लेकिन इसके लिए अन्य परिणामों और नेट रन रेट पर निर्भर रहना होगा। उनके पास 18 या इससे ज्यादा अंक बनाने का भी मौका है।

### श्रीकांत सहित भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ताइपे ओपन में देंगे चुनौती

**ताइपे।** लगातार खराब फॉर्म से जूझ रहे किदाम्बी श्रीकांत और कई भारतीय युवा बैडमिंटन खिलाड़ी मंगलवार से यहां शुरू हो रहे 240000 डॉलर ईनामी राशि के ताइपे ओपन में बेहतर प्रदर्शन के इरादे से उतरेंगे। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत लगातार चोटों और खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं जिसके कारण वह मौजूदा बीडब्ल्यूएफ विश्व रैंकिंग में 61वें स्थान पर खिसक गए हैं।



श्रीकांत का सामना पहले दौर में हमवतन एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रहमण्यम से होगा जिन्होंने इस साल मार्च में स्विस ओपन में दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन को हराया था। विश्व जूनियर चैम्पियनशिप 2023 कांस्य पदक विजेता आयुष शेट्टी पहले दौर में चीनी ताइपे के तीसरी वरीयता प्राप्त ली चिया हाओ से खेलेंगे। राष्ट्रीय खेल 2023 के स्वर्ण पदक विजेता तरूण मन्नेपल्ली का सामना जापान के शोगो ओगावा से होगा जबकि एम लुवांग मेसनाम की टक्कर सातवीं वरीयता प्राप्त कनाडा के ब्रायन यांग से होगा।

## आडवाणी ने लगातार तीसरी बार जीता बिलियर्ड्स क्लासिक खिताब

एजेंसी ▶▶ मुंबई

दिग्गज क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने फाइनल में धीमी शुरुआत से उबरते हुए ध्रुव सितवाला को 5-2 से हराकर अपना तीसरा सीसीआई बिलियर्ड्स क्लासिक खिताब जीता। आडवाणी ने सितवाला के खिलाफ 10-150, 150-148, 81- 150, 150-96, 150-136, 150-147, 150-137 से हराया।

रविवार को देर रात खेले गए फाइनल के शुरुआती तीन फ्रेम में आडवाणी अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से काफी दूर थे लेकिन उन्होंने दूसरे फ्रेम में सितवाला द्वारा दिए गए अवसरों का पूरा फायदा उठाते हुए जीत दर्ज की। आडवाणी ने चौथा फ्रेम जीतकर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया और लय हासिल करने के बाद खेल पर नियंत्रण बना लिया। उन्होंने अगले तीन फ्रेम जीतकर जीत सुनिश्चित की और ढाई लाख रुपये की पुरस्कार राशि हासिल की। उप विजेता सितवाला को डेढ़ लाख रुपये की इनामी राशि मिली। आडवाणी ने कहा, 'यह जीत मेरे लिए विशेष है।' आडवाणी ने इससे पहले 2023 और 2024 में भी यह खिताब जीता।



### नीरज चोपड़ा क्लासिक के टिकटों की बिक्री शुरू

**बेंगलुरु।** नीरज चोपड़ा क्लासिक के टिकटों की बिक्री शुरू हो गई है। आयोजकों ने सोमवार को इसकी घोषणा की। इस प्रतियोगिता में चोपड़ा, थॉमस रोहलर और एंडरसन पीटर्स सहित कई ओलंपिक पदक विजेता खिलाड़ी भाग लेंगे।



यह भारत में होने वाली भाला फेंक की पहली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता है। आयोजकों की विज्ञप्ति के अनुसार टिकट 199 रुपए से 9,999 रुपए की रेंज में उपलब्ध है। ज़ोमैटो इस प्रतियोगिता का आधिकारिक टिकट भागीदार है। विज्ञप्ति के अनुसार 44,999 रुपये की कीमत वाले पांच कॉर्पोरेट बॉक्स भी उपलब्ध हैं।

## दक्षिण अफ्रीका ड्रगरहित खेल संस्थान ने जारी किया बयान


# 'ट्रीटमेंट' के बाद रबाडा खेलने के लिए उपलब्ध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मनोरंजन के लिए प्रतिबंधित ड्रग का सेवन करने के कारण अस्थायी निलंबन झेल रहे दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा 'ड्रग सेवन उपचार कार्यक्रम' पूरा करने के बाद अब आईपीएल टीम गुजरात टाइटंस के लिए खेलने को उपलब्ध हैं।

दक्षिण अफ्रीका ड्रगरहित खेल संस्थान के एक बयान के अनुसार रबाडा अब मैदान पर उतर सकते हैं। रबाडा निलंबन पूरा करके गुजरात टीम से जुड़ चुके हैं। गुजरात का सामना मंगलवार को मुंबई में मुंबई इंडियंस से होगा। तीस वर्ष के रबाडा को जनवरी में एसए20 के दौरान डोप टेस्ट में पॉजिटिव पाया गया था। अब निलंबन हटने से वह आस्ट्रेलिया के खिलाफ अगले महीने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल भी खेल सकेंगे। विज्ञप्ति में कहा गया, 'रबाडा प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन के दोषी पाये गए थे और उन्हें एक अप्रैल 2025 को इसके बारे में सूचित कर दिया गया था। उन पर अस्थायी निलंबन लगाया गया और वह तुरंत भारत से दक्षिण अफ्रीका लौट आए।

दक्षिण अफ्रीका डोपिंग निरोधक नियमों के अनुसार खिलाड़ी को ड्रग सेवन उपचार कार्यक्रम पूरा करने की पेशकश की गई थी। उपचार कार्यक्रम के दो सत्र रबाडा ने संतोषजनक ढंग से पूरे किए जिससे उन पर लगा निलंबन हटाया गया। वह एक महीने निलंबन झेल चुके हैं और अब खेल में लौट सकते हैं।'



### चार साल की सजा पर एक महीने में की वापसी

कोकीन, हेरोइन, एमडीएमए और गांजा उन पदार्थों में से है जिनके लिए रबाडा पर निलंबन लगाया गया था। इसके लिए अधिकतम चार साल का प्रतिबंध लगाया जाता है लेकिन खिलाड़ी अगर साबित कर दे कि यह स्पर्धा से बाहर हुआ है और प्रदर्शन में सुधार के लिए नहीं है तो प्रतिबंध घटाकर तीन महीने का किया जा सकता है। वह उपचार कार्यक्रम में भाग लेने को राजी हो जाए तो इसे घटाकर एक महीने का किया जा सकता है।' रबाडा आईपीएल में दो मैच खेलने के बाद ही चले गए थे ।

### रबाडा के डोपिंग मामले की गोपनीयता पर भड़के पेन

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान टिम पेन ने कैगिसो रबाडा के डोप टेस्ट में नाकाम रहने के मामले में पारदर्शिता के अभाव की आलोचना करते हुए कहा है कि इस मामले से जुड़े अधिकारियों को पूरा खुलासा करना चाहिए। रबाडा ने एक सनसनीखेज खुलासे में बताया कि मनोरंजन के लिए इस्तेमाल होने वाली प्रतिबंधित दवा के इस्तेमाल के कारण वह अस्थायी निलंबन झेल रहे हैं।

चिंतन

# भारत के लेकर 'उपदेशक' दृष्टिकोण नहीं रखे यूरोप

भारत ने यूरोप को आईना दिखाया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने हाल के वर्षों में भारत के प्रति यूरोप के व्यवहार में कथनी व करनी में फर्क को रेखांकित करते हुए दो टूक कहा कि, भारत को व्यवहारिक साझेदार चाहिए, उपदेशक नहीं चाहिए। जब से रूस व यूक्रेन के बीच युद्ध शुरू हुआ है तब से यूरोप भारत पर रूस को लेकर दबाव बनाता रहा है, लेकिन रूस के साथ यूरोप के संबंध में ही दोहरापन रहा है। पहलगाम आतंकी हमले पर भी यूरोप व ब्रिटेन के बयानों में निंदा से अधिक नसीहत है। आर्कटिक सर्किल इंडिया फोरम 2025 में रविवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत के साथ गहरे संबंधों के लिए यूरोप को कुछ संवेदनशीलता और पारस्परिक हितों का प्रदर्शन करना होगा। जयशंकर ने भारत व रूस के बीच यथार्थ की धरातल पर सामंजस्यपूर्ण संबंधों का उदाहरण देकर यूरोप को उसका अक्स दिखाया कि भारत को लेकर यूरोप का दृष्टिकोण व्यवहारिक होना चाहिए। यूरोप को समझना होगा कि रूस को शामिल किए बिना रूस-यूक्रेन युद्ध का समाधान खोजने की कोई भी कोशिश विफल ही होगी। यूरोपीस संघ (ईयू) में जर्मनी और फ्रांस बड़े देश हैं। दोनों देश भारत से रूस के खिलाफ सख्त रुख की मांग करते रहे हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध में दोनों देशों ने भारत से रूस पर प्रतिबंध लगाने का दबाव बनाया, लेकिन भारत ने रूस के साथ यथार्थवादी रवैया रखा। ये दोनों देश ऐसे हैं, जो खुद रूस से गैस लेते रहे। वर्ष 2023 तक दोनों मुल्कों ने बेल्जियम और नीदरलैंड्स के रास्ते रूसी गैस खरीदी और भारत को रूस से तेल न लेने की नसीहत दी। जयशंकर ने यूरोप के इसी तरह के दोहरे रवैये की पोल खोली। पहलगाम हमले पर यूरोप के एक बड़े पक्ष की चुप्पी या फिर संयम बरतने की नसीहत भारत को नागवार गुजरी है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में गत 22 अप्रैल को आतंकवादियों के कायराना हमले में 26 पर्यटक समेत 27 लोग मारे गए थे। इस हमले की जिम्मेदारी कश्मीर में ऑपरेशनल दरेजिसटेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली। टीआरएफ पाकिस्तान स्थित आतंकी गुट लश्करे तैयबा के छद्म गुट हैं। इसके बाद भी यूरोप की तरफ से पहलगाम आतंकी हमले की निंदा और पीड़ित भारत के प्रति समर्थन में उदारता नहीं देखी गई। यूरोपीय संघ की विदेश मामलों की नेता काजा कैलास ने 2 मई को अपने बयान में भारत और पाकिस्तान से संयम बरतने की अपील की। पहलगाम हमले के बाद ईयू के ये बयान पाकिस्तान की ओर ज्यादा झुका हुआ है। यूरोप की ये पुरानी समस्या रही है कि वह हमलावर और पीड़ित में फर्क नहीं कर पा रहा है। अगर यूरोप भारत की सुरक्षा चिंताओं की परवाह नहीं करेगा, भारत के ट्रेड हितों की अनदेखी करेगा, तो भारत यूरोप का उपदेश क्यों सुनेगा। यूरोपीय संघ से अलग ब्रिटेन ने भी यूक्रेन व रूस जंग में तटस्थ रहने पर भारत की आलोचना की थी। यूक्रेन पर हमले के बाद बोरिस जॉनसन ने भारत से रूस से रिश्ते तोड़ लेने की अपील की थी, जबकि 21वीं सदी का भारत औपनिवेशिक काल से काफी आगे निकल चुका है। भारत का स्वतंत्र व गुटनिरपेक्ष विदेश नीति है। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद यूरोप खुद ही यूक्रेन युद्ध पर एक्सपोज हो चुका है। यह सही है कि यूरोप के अधिकांश देशों से दशकों से भारत के बेहतर रिश्ते हैं, पर यूक्रेन व रूस से जंग के बाद यूरोप के तेवर भारत के प्रति भूराजनीतिक परिदृश्य और वैश्विक व्यापार के नजरिये से व्यवहारिक नहीं थे। इस जंग को लेकर ट्रंप के बदले रुख से यूरोप बैकफुट पर आ गया है, वह जंग समर्थक दिख रहा है, जबकि उसे जंग को समाप्त कराने की दिशा में प्रयासरत दिखना चाहिए। यूरोप को अपनी कथनी व करनी को लेकर आत्मचिंतन करना चाहिए।

भोपाल कांड

डॉ. मोनिका शर्मा



# शोषण के भयावह दुष्चक्र को तोड़ने में सजगता आवश्यक

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में एक कॉलेज में छात्राओं के शारीरिक शोषण और फिर ब्लैकमेलिंग की घटना से जुड़े सभी पहलू भयावह हैं। ध्यातव्य है कि आरोपियों ने न केवल योजनागत रूप से अंजाम दिए गए अपने कुत्सित कर्मों को स्वीकार कर लिया है, बल्कि उनके मोबाइल और लैपटॉप में इसके सबूत भी सामने आए हैं। फोन में अश्लील वीडियो में 10-15 लड़कियों के वीडियो मिले हैं। शोषण के चक्रव्यूह में सोच-समझकर हिंदू लड़कियों को फंसाने और उनका शोषण करने के बाद ब्लैकमेल कर जिम्मफरोशी के धंधे में धकेलने की बात सामने आई है। बाकायदा गिरोह बनाकर छात्राओं का शोषण करने वालों के इस समूह में कई लोग शामिल हैं। पुलिस ने छह से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार किया है,जबकि कई आरोपी अभी फरार हैं। मामला मध्यप्रदेश के कई शहरों और कोलकाता एवं बिहार तक फैला है। देशभर के परिवारों को भयभीत करने वाले इस मामले में सामने में आया है कि पहले पहचान छिपाकर सहज मित्रता की गई। बाद में शारीरिक संबंधों का वीडियो बना डरा-धमकाकर शोषण का सिलसिला जारी रखा गया। जांच में सामने आया है कि छात्राओं को नशा देकर उनके अश्लील वीडियो निकाले गए। पूछताछ में यह भी सामने आया है कि मानसिक रूप से कमजोर करने और अपने नियंत्रण में रखने के लिए कई लड़कियों को जान बूझकर नशे की लत लगाई गई। ज्ञात हो कि यह कांड सामने आने के बाद राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और महिला आयोग ने भी मामले का संज्ञान लिया है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने भोपाल पुलिस से रिपोर्ट मांगी है। वहीं राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई करने की बात कही है। हाल के बरसों में तय रणनीति तहत स्कूल-कॉलेज की छात्राओं के साथ जालसाजी और शोषण के कई मामले सामने आए हैं। कुछ समय पहले राजस्थान के ब्यावर में 6 नाबालिग बच्चियों को ब्लैकमेल कर देह शोषण और धर्म बदलने का दबाव बनाने के मामले में बड़ा खुलासा हुआ था। भोपाल में हुए इस मामले में भी शारीरिक शोषण के अलावा कई दुर्भाव भरी हरकतें की गईं। पीड़िताओं को ब्लैकमेल कर अपने दोस्तों से मिलने के लिए मजबूर किया गया। पीड़िताओं के मुताबिक नशा करने धर्म परिवर्तन के लिए दबाव डाला गया। बुर्का पहनकर तस्वीर भेजने को विवश किया गया। लड़कियों ने ऐसी तस्वीरें भेजी भी हैं, जिनसे जुड़े चैट्स आरोपियों के फोन से मिले हैं। इतना ही नहीं शारीरिक शोषण के वीडियो विदेश में बेचे जाने का भी आरोप है। मामले से जुड़ी इन बातों पर गौर करने से पता चलता है कि ऐसी सुनियोजित साजिश केवल शारीरिक शोषण का मामला नहीं है। आपराधिक मानसिकता के पीछे दुर्भाव भरी स्याह सोच भी मौजूद है। यही पक्ष ऐसी घटनाओं की भयावहता को और बढ़ा देता है। दरअसल, झूठ की बुनियाद पर मित्रता और फिर शोषण के अंधकार में धकेलने के ऐसे मामले समग्र समाज को चिंता में डालते हैं। आपसी भरोसे के रीतने का परिवेश बनाते हैं। धार्मिक स्वतंत्रता वाले हमारे देश में छात्राओं के साथ हुई यह धोखाधड़ी कई मोर्चों पर सोचने को विवश करती है। तकनीक के गलत इस्तेमाल से लेकर धार्मिक स्वतंत्रता के हनन से जुड़े प्रयास तक ऐसी घटनाएं समाज में दरार डालने का भी काम करती हैं। ज्ञात हो कि आरोपियों के खिलाफ पोक्सो अधिनियम, मध्य प्रदेश धर्म स्वतंत्रता अधिनियम, भारतीय न्याय संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। देश के हर परिवार को स्तब्ध कर देने वाले इस मामले में कुत्सित प्रवृत्ति के लोगों को कड़ी सजा मिलना आवश्यक है। साथ ही बेटियों के स्वजनों को भी सजग रहने दरकार है। ऐसी घटनाएं समय रहते घर की बेटियों के मन-मस्तिष्क को सही दिशा देने का पहलू भी लिए हैं। बेटियां शोषण के किसी दुष्चक्र में फंस जाने पर पहले ही पड़ाव पर अपनी परेशानियां साझा कर सकें, इतना भरोसा तो परिवारजन अपनी बेटी को अवश्य दें। नकली पहचान के साथ बहला-फुसलाकर शोषण करने के ऐसे मामलों पर लगाम लगाने के लिए स्थानीय लोगों, अभिभावकों और प्रशासनिक अमले की साझी कोशिशें ही कारगर हो सकती हैं। इस दुष्चक्र को तोड़ने के लिए समग्र समाज की सजगता आवश्यक है।

((लेखिका स्वतंत्र पत्रकार व विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# विश्व में चीनी माल की बाढ़ संभव




टैरिफ वार आर्थिकी

प्रो. अश्वनी महाजन

हालांकि, अमेरिका को छोड़कर भारत समेत किसी भी देश ने चीन पर टैरिफ नहीं बढ़ाया है, लेकिन अधिकांश देश, चीन द्वारा की जाने वाली डंपिंग से चिंतित हैं, जिससे उनके घरेलू उद्योग को नुकसान हो रहा है। डंपिंग को अंतरराष्ट्रीय व्यापार में दुरुपयोग माना जाता है। चीन ने डंपिंग की इस कला में महारत हासिल कर ली है, इसे अंतरराष्ट्रीय व्यापार में हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जाता है, जिसका उद्देश्य आयात करने वाले देशों के घरेलू उद्योग को खत्म करना है। हम न केवल चीन से उत्पन्न होने वाले चीनी सामानों पर बल्कि बाहर कारखानों द्वारा उत्पादित सामानों पर भी अंकुश लगाने के लिए अमेरिका के नए प्रस्तावित कानूनों से संकेत ले सकते हैं।

हालांकि, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा के एक सप्ताह से भी कम समय में, 8 अप्रैल, 2025 को 75 देशों पर अपने पारस्परिक टैरिफ को रोक दिया, लेकिन इस रोक में एकमात्र अपवाद था चीन, जिस पर ट्रंप ने पहले 125 प्रतिशत टैरिफ लगाया, जिसे बाद में बढ़ाकर 245 प्रतिशत कर दिया गया है, जिसे हम 'दंडात्मक टैरिफ' भी कह सकते हैं, क्योंकि चीन ने ट्रंप द्वारा पारस्परिक टैरिफ का जवाब देने का विकल्प चुना है। एक्स पर अपने पोस्ट में ट्रंप ने कहा, 'चीन ने विश्व के बाज़ारों के प्रति जो सम्मान नहीं दिखाया है, उसके आधार पर, मैं संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा चीन पर लगाए जाने वाले टैरिफ को तत्काल प्रभाव से बढ़ाकर 125% कर रहा हूं। उम्मीद है कि निकट भविष्य में किसी समय चीन को एहसास होगा कि संयुक्त राज्य अमेरिका और अन्य देशों को लूटने के दिन अब टिकाऊ या स्वीकार्य नहीं हैं।'

हालांकि, अमेरिका को छोड़कर भारत समेत किसी भी देश ने चीन पर टैरिफ नहीं बढ़ाया है, लेकिन अधिकांश देश, चीन द्वारा की जाने वाली डंपिंग से चिंतित हैं, जिससे उनके घरेलू उद्योग को नुकसान हो रहा है। डंपिंग को अंतरराष्ट्रीय व्यापार में दुरुपयोग माना जाता है। चीन ने डंपिंग की इस कला में महारत हासिल कर ली है, इसे अंतरराष्ट्रीय व्यापार में एक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जाता है, जिसका उद्देश्य आयात करने वाले देशों के घरेलू उद्योग को खत्म करना है और एक बार जब कोई देश चीनी सामग्रियों पर निर्भर हो जाता है, तो फिर उसका शोषण शुरू हो जाता है। सक्रिय दवा सामग्री (एपीआई) का मामला चीनी डंपिंग और शोषण का ज्वलंत उदाहरण हैं। 2004 के बाद, पेनिसिलिन जी और फोलिक एसिड सहित कई प्रकार की एपीआई को भारतीय बाजारों में बेहद कम कीमतों पर डंप किया गया। इस खेल में न केवल भारतीय एपीआई उद्योग को खत्म कर दिया गया, बल्कि देश की स्वास्थ्य सुरक्षा को भी खतरे में डाल दिया गया। मार्च में, भारत ने घरेलू उद्योगों को चीनी डंपिंग से बचाने के लिए चार चीनी वस्तुओं- सॉफ्ट फेराइट कोर, वैक्यूम इंसुलेटेड फ्लास्क, एल्यूमीनियम पन्नी और ट्राइक्लोरो आइसोसायन्यूरिक एसिड पर एंटी-डंपिंग शुल्क लगाया था। एंटी-डंपिंग शुल्क 276 अमेरिकी डॉलर से लेकर 1,732 अमेरिकी डॉलर प्रति टन तक है और यह पांच साल के लिए है। इससे पहले 2024 में ही, व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) द्वारा दायर एंटी-डंपिंग जांचों में से 79 प्रतिशत चीनी उत्पादकों के खिलाफ दायर की गई थीं। यह ध्यान देने योग्य है कि डीजीटीआर भारत में व्यापार उपायों की जांच और सिफारिश करने के लिए जिम्मेदार शीर्ष निकाय है, जो अन्य उपायों के साथ-साथ डंपिंग रोधी शुल्क लगाने की भी सिफारिश करता है। चीन पहले से कहीं ज्यादा डंप क्यों करेगा? कारण यह है कि अमेरिकी टैरिफ के बाद, चीन के लिए अमेरिका को इतनी आसानी से निर्यात करना मुश्किल हो जाएगा; इसलिए, चीन अपने उत्पादों को अन्य बाजारों में डंप करने के लिए मजबूर होगा। सर्वप्रथम चीन के पास बहुत अधिक अतिरिक्त उत्पादन क्षमता है, जिससे अधिशेष उत्पादन




होता है। कुछ बाजारों में बेचने की क्षमता, चीन को अन्य बाजारों में समान सामग्री डंप करने के लिए मजबूर करती है। चीन का ध्यान हमेशा निर्यात आधारित विकास पर रहा है, जिसे सरकार का समर्थन प्राप्त है। दूसरे, चीनी कंपनियों को अन्य रूपों में सब्सिडी और सरकारी सहायता मिलती है, जिससे वे अपने उत्पादों को कृत्रिम रूप से कम कीमतों पर बेच पाते हैं। तीसरे, व्यापार तनाव भी वैकल्पिक बाजारों पर किसी तरह नियंत्रण करने के चीनी खेल का हिस्सा है। चीनी डंपिंग को लेकर आशंकाएं बेवजह नहीं हैं। अतीत में ऐसे कई उदाहरण सामने आए हैं, जब चीन ने भारत समेत विदेशी बाज़ारों में डंपिंग की अनैतिक प्रथा अपनाई। अतीत में, हमारा एपीआई उद्योग, इलेक्ट्रॉनिक और टेलीकॉम उद्योग, कपड़ा और परिधान उद्योग, खिलौना उद्योग और कई अन्य उद्योग चीनी डंपिंग का शिकार रहे हैं। सरकार के ठोस प्रयासों के बावजूद, ये उद्योग चीन से अनुचित प्रतिस्पर्धा की छाया से बाहर नहीं आ पाए। उल्लेखनीय है कि अमेरिका लंबे समय से चीनी आयात पर अंकुश लगाने का प्रयास कर रहा है। हालांकि, ट्रंप के कार्यकाल में चीन को अपने निर्यात को अन्य तरीकों से बदलने का कोई मौका न देने के उद्देश्य से ठोस प्रयास किए गए हैं, ताकि ट्रंप के टैरिफ से बचा जा सके। इस संदर्भ में अमेरिकी सीनेट ने दो विधेयक पेश किए हैं, नीदर परमानेंट नॉर नार्मल ट्रेड रिलेशंस अधिनियम (पीएनटीआर अधिनियम) और एक्सिंग नॉन मार्केट टैरिफ इवेजन एक्ट (एएनटीई अधिनियम)। पहला पीएनटीआर चीन से आयात पर केंद्रित है और दूसरा एएनटीई अन्य देशों में माल का उत्पादन करने वाली चीनी फर्मों को लक्षित करता है, जबकि पीएनटीआर अधिनियम चीन से सीधे आने वाले माल को प्रतिबंधित करेगा और एएनटीई अधिनियम वियतनाम, मलेशिया, इंडोनेशिया और थाईलैंड जैसे देशों में चीनी स्वामित्व वाली फैक्ट्रियों से आने वाले माल को प्रतिबंधित करेगा, इसलिए नए कानूनों के माध्यम से अमेरिका उन सभी संभावित माध्यमों को बंद करने की कोशिश कर रहा है, जिनसे चीन अमेरिका में अपने उत्पादों को बेचने की कोशिश कर सकता है। भारत द्वारा चीनी डंपिंग को रोकने के लिए विभिन्न तरीकों के बावजूद, चीनी आयात पर निर्भरता लगातार बढ़ रही है। वित्त वर्ष 2024-25 में, अप्रैल से फरवरी के बीच के पहले 10 महीनों में, चीन से भारत का आयात एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 10.4% बढ़कर 103.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया। दूसरी ओर, चीन को निर्यात 15.7% घटकर 12.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर रह गया। इससे जाहिर तौर पर चीन के साथ व्यापार घाटा बढ़ गया है।

चीनी डंपिंग को रोकने के लिए और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है। अब जब भारत दुनिया के लिए विनिर्माण केंद्र बनने की आकांक्षा रखता है, तो वह चीन से डंपिंग के किसी भी नए दौर को बर्दाश्त नहीं कर सकता, क्योंकि यह उसके आत्मनिर्भर भारत के सपने को खतरे में डाल सकता है। हमें न केवल चीन को भारतीय बाजारों में अपने माल की डंपिंग के अनैतिक और अवैध तरीकों का उपयोग करने से रोकने के लिए अपनी प्रशासनिक मशीनरी को सुव्यवस्थित करना होगा। जब भी भारत ने एंटी-डंपिंग शुल्क या सुरक्षा उपायों या किसी अन्य तरीके का इस्तेमाल किया है, तो चीन ने इसे टालने की कोशिश की है। उत्पाद संशोधन, अवशोषण, परिहार, या और कई अन्य तरीके। चीन भी आसियान और अन्य देशों के माध्यम से अपने माल को पुनः भेज रहा है। चीनी सामानों पर अंकुश लगाने के नई दिल्ली के प्रयासों को विफल करने के लिए, चीन ने अपने कारखानों को अन्य देशों में स्थानांतरित कर दिया है। हम न केवल चीन से उत्पन्न होने वाले चीनी सामानों पर बल्कि बाहर स्थापित चीनी कारखानों द्वारा उत्पादित सामानों पर भी अंकुश लगाने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के नए प्रस्तावित कानूनों से संकेत ले सकते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## आत्मसंयम योग में स्थित रहें




संकलित

दर्शन

विपरीत परिस्थिति में ही योग की प्रामाणिकता सिद्ध होती है। संयम की प्रामाणिकता भी योग से ही सिद्ध होती है। हमारी ज्ञानेंद्रियां तथा कर्मेंद्रियां अपनी अर्जित शक्ति को बाहर की ओर खर्च कर रही हैं। योग द्वारा उसका एकत्रीकरण किया जाता है। योग चाहे ध्यान के रूप में हो या व्यायाम-प्राणायाम के रूप में, उसकी शक्ति को एकत्र करके हम शक्ति का उपयोग कहां करते हैं, वास्तविक योग वह है। रावण भी बहुत बड़ा योगी था, पर उसने अपने योग से प्राप्त शक्ति से भगवान की योगमाया सीता जी का हरण करके योग का दुरुपयोग किया। जब तक आत्मसंयम योग जीवन में न आ जाए, तब तक क्रियात्मक योग केवल शरीर संवर्धन के ही कार्य आएगा। हम जीवन के किसी भी क्षेत्र में अतिरेकवादी दृष्टिकोण के दुराग्रही न होकर संतुलित होकर मध्य स्थिति में रहकर आत्मसंयम योग में स्थित रहें। हमारे शरीर में जो मध्य प्रदेश है, वही हृदय प्रदेश है। हाथ-पांव के रूप में नीचे कर्म प्रदेश है तथा विचार के रूप में सिर में विवेक प्रदेश है। जिसे विवेक स्वीकार कर ले और कर्मयोग से जिस शक्ति को अर्जित किया हो, उसे हृदय प्रदेश के मध्य सिंहासन पर बैठाया जाता है। सब कुछ ईश्वर को समर्पित कर देना ही महायोग है। शरीर का योग यदि भगवान से जुड़कर ध्यान योग बन जाए और योग से प्राप्त शक्तियों का उपयोग हम हनुमान जी, श्रीभरत जी और श्री लक्ष्मण जी की तरह सेवा के लिए करें तो योग प्राणीमात्र की सेवा का उपादान बनकर सहजयोग बन जाएगा।

## धैर्य से काम लेने में ही समझदारी



संकलित

प्रेरणा

एक बार महात्मा बुद्ध अपने कुछ शिष्यों के साथ एक गांव में भ्रमण कर रहे थे। उन दिनों कोई वाहन नहीं हुआ करते थे सो लोग पैदल ही मीलों की यात्रा करते थे। ऐसे ही गांव में घूमते हुए काफ़ी देर हो गयी थी। बुद्ध जी को काफ़ी प्यास लगी थी। उन्होनें अपने एक शिष्य को गांव से पानी लाने की आज्ञा दी। जब वह शिष्य गांव में अंदर गया तो उसने देखा वहां एक नदी थी जहां बहुत सारे लोग कपड़े धो रहे थे कुछ लोग नहा रहे थे तो नदी का पानी काफ़ी गंदा सा दिख रहा था। शिष्य को लगा कि गुरु जी के लिए ऐसा गंदा पानी ले जाना ठीक नहीं होगा, ये सोचकर वह वापस आ गया। महात्मा बुद्ध को बहुत प्यास लगी थी इसीलिए उन्होनें फिर से दूसरे शिष्य को पानी लाने भेजा। कुछ देर बाद वह शिष्य लौटा और पानी ले आया। महात्मा बुद्ध ने शिष्य से पूछा कि नदी का पानी तो गंदा था फिर तुम साफ पानी कैसे ले आए। शिष्य बोला की प्रभु वहां नदी का पानी वास्तव में गंदा था लेकिन लोगों के जाने के बाद मैंने कुछ देर इंतजार किया। और कुछ देर बाद मिट्टी नीचे बैठ गई और साफ पानी उपर आ गया। बुद्ध यह सुनकर बड़े प्रसन्न हुए और बाकी शिष्यों को भी सीख दी कि हमारा ये जो जीवन है यह पानी की तरह है। जब तक हमारे कर्म अच्छे हैं तब तक सब कुछ शुद्ध है, लेकिन जीवन में कई बार दुख और समस्या भी आते हैं जिससे जीवन रूपी पानी गंदा लगने लगता है। कुछ लोग पहले वाले शिष्य की तरह बुराई को देख कर घबरा जाते हहैं, वह जीवन में कभी आगे नहीं बढ़ पाते।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर बढ़ी सुगबुगाहट**

बिहार में विधानसभा चुनाव होना है। चुनाव प्रचार के लिए हर पार्टी के नेता मैदान में डटे हुए है। बिहार में एनडीए की सरकार है। पार्टी को भरोसा है कि इस बार भी सीएम नीतीश कुमार की सरकार बनेगी। चुनाव का बिगुल बजते ही पार्टियां हमलावर हो गई है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि बिहार में विकास ,कानून व्यवस्था और भाईचारा चाहिए, वो मिल रहा है। नीतीश कुमार के राज में विकास की गंगा बह रही है।उधर, कांग्रेस ने एनडीए पर निशाना साधते हुए कहा कि वे संविधान बदलना चाहते है। प्रोपोगेंडा फैलाना कांग्रेस को पहले भी भारी पड़ा था। कांग्रेस के पास वैसे भी सत्तारूढ़ सरकार को घेरने के कोई मुद्दे नही है। कांग्रेस पिछले सभी चुनावो में जीरो पर अटकी हुई थी।

*- कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## करंट अफेयर


### पेरू की सोने की खदान से अपहृत 13 श्रमिक मृत मिले



पेरू में सोने की प्रमुख खदान से करीब एक सप्ताह पहले अपहृत किए गए 13 सुरक्षा गार्ड के शव रविवार को बरामद किए गए। उनकी मौत ऐसे समय में हुई है, जब दक्षिण अमेरिकी देश के महत्वपूर्ण खनन उद्योग में हिंसा बढ़ गई है। पेरू के गृह मंत्रालय ने यह जानकारी दी। सोने की खदान, ला पोडेरोसा की ओर से कहा गया कि खोज और बचाव दल ने रविवार को खदान में कर्मचारियों के शव बरामद किए। कंपनी ने उनके अपहरण का आरोप अनौपचारिक खनन कर्मियों पर लगाया, जो कथित तौर पर आपराधिक गिरोहों से जुड़े थे। आरोप है कि इन खनन कर्मियों ने 26 अप्रैल को सोने की खदान पर घात लगाकर हमला किया था। पेरू के आंतरिक मंत्रालय ने कहा कि उसने इन जघन्य अपराधों के लिए जिम्मेदार लोगों का पता लगाने और उन्हें पकड़ने के लिए विशेष पुलिस बल तैनात किया है। पेरू की राजधानी लीमा स्थित निजी कंपनी ला पोडेरोसा ने कहा कि पेरू के सुदूर उत्तर-पश्चिमी शहर पाटाज़ में खदान पर नियंत्रण के लिए लड़ रहे आपराधिक समूहों ने 1980 में कंपनी के परिचालन शुरू करने के बाद से अब तक कंपनी के 39 श्रमिकों की हत्या कर दी है, जिनमें वर्तमान में मारे गए 13 श्रमिक भी शामिल हैं।

## ऑफ बीट

### क्या विटामिन डी से रोका जा सकता है कोलोरेक्टल कैंसर




कम विटामिन डी स्तर को लंबे समय से कोलोरेक्टल कैंसर होने के उच्च जोखिम से जोड़ा जाता रहा है। विटामिन डी के कम रक्त स्तर वाले लोगों में उच्च स्तर वाले लोगों की तुलना में सीआरसी होने का जोखिम 31 प्रतिशत अधिक था। इसी तरह, एक अन्य अध्ययन में विटामिन डी युक्त आहार का सेवन करने वाले व्यक्तियों में सीआरसी जोखिम 25 प्रतिशत कम होने की बात सामने आयी। सबसे अधिक विटामिन डी का सेवन करने वाली महिलाओं में सबसे कम सेवन करने वाली महिलाओं की तुलना में कोलोरेक्टल कैंसर विकसित होने का जोखिम 58 प्रतिशत कम था। विटामिन डी सूर्य के प्रकाश की प्रतिक्रिया में त्वचा में संश्लेषित होता है और पूरे शरीर में पाए जाने वाले विटामिन डी रिसेप्टर्स (वीडीआर) के माध्यम से अपने जैविक प्रभाव डालता है, जिसमें बृहदान्त्र ऊतक भी शामिल है। सक्रिय होने पर, ये रिसेप्टर सूजन, प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया और कोशिका वृद्धि से संबंधित जीन गतिविधि को विनियमित करने में मदद करते हैं जो कैंसर होने की मुख्य प्रक्रियाएं होती हैं। प्रीक्लीनिकल अध्ययनों से पता चला है कि विटामिन डी (कैल्सीट्रिऑल) का सक्रिय रूप सूजन को दबा सकता है।

## ट्रेंड

### खिलाड़ियों को शुभकामनाएं



बिहार में आयोजित हो रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को शुभकामनाएं। यह मंच आपकी सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा को सामने लाए और सच्ची खेल उत्कृष्टता को बढ़ावा दे।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### प्रेस की स्वतंत्रता खतरे में



प्रेस की स्वतंत्रता अभूतपूर्व खतरे का सामना कर रही है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का समर्थन कर सकती है- या इसे दबा सकती है। पक्षपातपूर्ण एल्गोरिदम, सरासर झूठ और नफरत फैलाने वाले भाषण इंटरनेट पर बारूदी सुरंग हैं।

-एंटोनियो गुतारेस, यूएन महासचिव

### पाक की हिम्मत



पाक आतंकवादियों ने हमारे 26 निर्दोष लोगों को मार दिया, सबने एक आवाज में कहा "मोदीजी घर में घुसकर आतंकवादियों को मारो पीओके वापस लो।" मोदीजी बिहार चुनाव में व्यस्त हो गये। पाक की हिम्मत देखिए वो एलओसी फायरिंग कर रहा है।

-संजय सिंह, आप नेता

### कोशिश करें, आगे बढ़ें



अगर आपको नहीं पता कि आप क्या चाहते हैं तो यह पता लगाना आपका मिशन होना चाहिए। स्पष्टता सोचने से नहीं आती, यह काम करने से आती है। गलत रास्ता भी आपको अटके रहने से कहीं ज़्यादा सिखाएगा। कोशिश करें। आगे बढ़ें। सीखें। मदद करें। कुछ करें।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

हमारा पता

हरिभूमि कार्यालय

नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20

ई-मेल : haribhoomi@gmail.com

वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# बुजुर्ग, गंभीर रूप से बीमार कैदियों की रिहाई के लिए केंद्र, राज्यों से जवाब तलब

## याचिका में कहा गया कि इन कैदियों को विशेष देखभाल की आवश्यकता

**नालसा की याचिका पर कोर्ट ने की सुनवाई**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) की उस याचिका पर सोमवार को केंद्र तथा बिहार एवं उत्तर प्रदेश सहित 18 राज्यों से जवाब मांगा जिसमें 70 वर्ष से अधिक उम्र के या असाध्य रोग से ग्रस्त कैदियों को जमानत पर रिहा करने का अनुरोध किया गया है। याचिका में कहा गया है कि इन कैदियों को विशेष देखभाल की आवश्यकता है जो जमानत से इनकार के खिलाफ शीर्ष अदालत नहीं आए हैं, लेकिन जेलों में भीड़भाड़ को देखते हुए हो सकता है कि यह जेल प्राधिकारियों के लिए संभव नहीं हो। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने नालसा की ओर से पेश वकील रश्मि नंदकुमार की दलीलों पर गौर किया और केंद्र और राज्यों को नोटिस जारी किए।



**हरियाणा सहित 18 राज्यों के जेलों में बंद कैदी**

*नालसा ने अपनी जनहित याचिका में कहा कि ये बुजुर्ग और असाध्य रोग से ग्रस्त कैदी आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और ओडिशा राज्यों में बंद हैं। नालसा भारत में एक वैधानिक निकाय है जिसकी स्थापना विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत समाज के कमजोर वर्गों को मुफ्त और सक्षम कानूनी सेवाएं प्रदान करने के लिए की गई है। यह विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए लोक अदालतों का भी आयोजन करता है।*

### नीट-पीजी परीक्षा के दो पालियों में आयोजन के खिलाफ याचिका पर केंद्र से मांगा जवाब

उच्चतम न्यायालय ने नीट-पीजी 2025 परीक्षा दो पालियों में आयोजित करने संबंधी अधिसूचना को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को केंद्र और अन्य से जवाब मांगा। याचिका में राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड (एनबीईएमएस) को 15 जून को होने वाली परीक्षा एक ही पाली में आयोजित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है, ताकि सभी उम्मीदवारों के लिए एक समान, पारदर्शी और निष्पक्ष परीक्षा का माहौल सुनिश्चित किया जा सके। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने सात चिकित्सकों की याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति व्यक्त की, जिन्होंने एक ही पाली में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातकोत्तर (नीट-पीजी) 2025 आयोजित करने के लिए देश भर में परीक्षा केंद्रों की संख्या बढ़ाने का निर्देश देने का अनुरोध किया है।

### लाल किले पर कब्जे का दावा करने वाली महिला की याचिका खारिज

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को एक महिला की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उसने मुगल सम्राट बहादुर शाह जफर-द्वितीय के प्रपौत्र की विधवा होने का दावा करते हुए कानूनी 'उत्तराधिकारी' होने के नाते लाल किले पर कब्जे का अनुरोध किया था। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने शुरू में याचिका को "गलत धारणा" वाली और "निराधार" करार दिया और दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, "शुरू में रिट याचिका दायर की गई थी जो गलत और निराधार है। इस पर विचार नहीं किया जा सकता।" पीठ ने याचिकाकर्ता सुल्ताना बेगम के वकील को याचिका वापस लेने की अनुमति नहीं दी।

## न्यायालय ने यूट्यूब चैनल '4पीएम' को ब्लॉक करने के खिलाफ याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को यूट्यूब चैनल '4पीएम' पर रोक लगाने के आदेश को रद्द करने के अनुरोध वाली वाली याचिका पर केंद्र और अन्य से जवाब मांगा। याचिका में दावा किया गया है कि मध्यस्थ ने केंद्र सरकार की ओर से कथित रूप से जारी उस गोपनीय निर्देश के तहत चैनल को ब्लॉक किया है जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था के अस्पष्ट आधार का हवाला दिया गया है। न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन की पीठ ने याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति जतायी और केंद्र तथा अन्य को नोटिस जारी कर याचिका पर जवाब मांगा। डिजिटल समाचार मंच '4पीएम' के संपादक संजय शर्मा ने यह याचिका दायर की है। इस मंच पर इसके 73 लाख सब्सक्राइबर हैं। उन्होंने याचिका में आरोप लगाया गया है कि इसे ब्लॉक करना पत्रकारिता की स्वतंत्रता पर और जनता के सूचना प्राप्त करने के अधिकार पर एक भयानक हमला है। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि चैनल को ब्लॉक करने से जुड़ा आदेश पारित करने से पहले याचिकाकर्ता को कोई नोटिस जारी नहीं किया गया। सिब्बल ने कहा, "पूरा चैनल बिना किसी कारण के ब्लॉक कर दिया गया है।" उन्होंने कहा, "मेरे पास केवल मध्यस्थ से मिली जानकारी है।" उन्होंने कहा, "पहली नजर में यह असंवैधानिक है।"पीठ ने याचिका पर नोटिस जारी करते हुए कहा कि मामले की सुनवाई अगले सप्ताह की जाएगी। याचिका में संविधान के इस स्थापति सिद्धान्त की ओर ध्यान दिलाया गया कि सुनवाई का अवसर दिए बिना किसी भी विषय-वस्तु को पूरी तरह हटाने की अनुमति नहीं है।

---

## खबर संक्षेप

### बंगाल में बाइक पेड़ से टकराई, 3 की मौत

**हावड़ा।** बंगाल के हावड़ा जिले में एक मोटरसाइकिल सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई, जिससे उस पर सवार दो किशोरों सहित तीन लोगों की मौत हो गई। पुलि ने बताया कि यह दुर्घटना रविवार रात उस समय हुई जब उनकी तेज रफ्तार मोटरसाइकिल बगनान के पास एक पेड़ से टकरा गई और वे पास की झाड़ी में गिर गए, शव बरामद हो गए हैं।

### भाजपा सरकार का नया कारनामा 'गोबरनामा'

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को सरकारी भवनों में गाय के गोबर से बने प्राकृतिक पेंट के



इस्तेमाल की वकालत करने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए कहा कि 'गोबरनामा' भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार का नया कारनामा है। यादव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "गोबरनामा' भाजपा सरकार का नया कारनामा।"

### आज करना था घेराव डल्लेवाल नजरबंद

**फरीदकोट।** जिला पुलिस ने भारतीय किसान यूनियन एकता सिद्धपुर के प्रांतीय अध्यक्ष जगजीत



सिंह डल्लेवाल को सोमवार सुबह उनके घर में ही नजरबंद कर दिया। यह कदम संयुक्त किसान मोर्चा गैर राजनीतिक द्वारामंगलवार को शंभू थाने के घेराव की योजना के मद्देनजर उठाया गया। मोर्चा ने थाने का घेराव करने की घोषणा की थी।

### टीकाकरण के बावजूद रेबीज से सात वर्षीय बच्ची की मौत

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के कोल्लम जिले में सात वर्षीय बच्ची की सोमवार तड़के रेबीज के संक्रमण से मौत हो गई, जबकि कुत्ते के काटने के बाद समय पर उसे टीका लगाया गया था। निया फैजल कोल्लम जिले के कुननिकोड की रहने वाली थी और उसे कुछ दिन पहले श्री अवित्तम तिरुनाल (एसएटी) अस्पताल में जीवनरक्षक प्रणाली (वेंटिलेटर) पर रखा गया था।

---

## अनुराग ठाकुर बोले-उचित समय पर करारा जवाब दिया जाएगा

# भारत विरोधी गतिविधियां जारी रहीं तो पाकिस्तान का नामोनिशान मिटा देंगे

**भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजने की प्रक्रिया कर दी है तेज**

### पाकिस्तान पर सीमा पर अशांति फैलाने का आरोप लगाया

एजेंसी ▶▶ हमीरपुर (हिमाचल)

पूर्व केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता अनुराग ठाकुर ने सोमवार को पाकिस्तान पर सीमा पर अशांति फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि अगर पड़ोसी देश भारत विरोधी गतिविधियां जारी रखता है, तो उसे पूरी तरह मिटा दिया जाएगा। पहलगाम (जम्मू-कश्मीर) में हुए आतंकी हमले के विरोध में पार्टी की ओर से यहां गांधी चौक पर आयोजित एक जिला स्तरीय रैली को संबोधित करते हुए ठाकुर ने कहा कि भारत सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि उचित समय पर पाकिस्तान को करारा जवाब दिया जाएगा। हमीरपुर से मौजूदा सांसद ठाकुर ने कहा, "अगर पाकिस्तान भारत विरोधी हरकतें करता रहेगा, तो उसे विश्व की राज्य व्यवस्था से पूरी तरह मिट जाएगा।" शिमला में भाजपा नेताओं ने उपायुक्त को एक ज्ञापन सौंपा और राज्य में कानूनी या अवैध तरीके से रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों की तत्काल पहचान कर उन्हें वापस उनके देश भेजने की मांग की। इसके अलावा लोअर बाजार क्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान विरोधी नारे लगाते हुए मार्च भी निकाला। हिमाचल प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा कि राज्य में पाकिस्तानियों को नहीं रखा जा सकता। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 17 स्थानों पर विरोध प्रदर्शन किए गए हैं।



**कांग्रेस के नेता अनावश्यक बयानबाजी कर रहे**

बिंदल ने कहा कि अगर राज्य सरकार पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान कर उन्हें वापस नहीं भेजती, तो भाजपा जल्द ही एक 'जागरण अभियान' चलाएगी। रैली को संबोधित करते हुए ठाकुर ने यह भी आरोप लगाया कि जहां एक ओर केंद्र सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ कूटनीतिक कदम उठाते हुए भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजने की प्रक्रिया तेज कर दी है, वहीं दूसरी ओर हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार इस विषय पर गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि एक ओर कांग्रेस सरकार केंद्र के फैसलों का समर्थन करती है, वहीं दूसरी ओर इसके कुछ नेता अनावश्यक बयानबाजी कर रहे हैं। पार्टी की ओर से कुल्लू, ऊना, लाहौल-स्पीति और अन्य स्थानों पर भी प्रदर्शन आयोजित किए गए।

### राफेल से 'नींबू-मिर्च' कब हटेगी : अजय राय

*लखनऊ/वाराणसी। कांग्रेस की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय राय ने राफेल लड़ाकू विमान का उपहास उड़ाते हुए प्रतीकात्मक तौर पर एक खिलौना विमान से 'नींबू-मिर्च' लटकाकर सरकार से पूछा कि इस लड़ाकू विमान के ऊपर से 'नींबू-मिर्च' कब हटेगा। भाजपा ने राय की इस टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। विवाद के बावजूद राय ने अपनी टिप्पणी पर कायम रहते हुए कहा, "मैंने देश को सच्चाई दिखाई। जब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह राफेल लेने गए थे तो उन्होंने उस पर नींबू और मिर्च बांधी थी। मैंने कहा कि यह नींबू और मिर्च कब हटेगी और राफेल कब काम करेगा।*

### महबूबा मुफ्ती की शाह से अपील, निर्दोष लोगों को परेशान न किया जाए

**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने सोमवार को गृह मंत्री अमित शाह से गुजारिश की कि वह सुनिश्चित करें कि जम्मू-



कश्मीर में आतंकवादी तंत्र के खिलाफ सरकार की कार्रवाई के दौरान बेगुनाह लोगों को परेशान न किया जाए। मुफ्ती ने दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम रिसॉर्ट में स्थानीय लोगों और सैलानियों से बातचीत करते हुए कहा, "कश्मीरियों ने दिखा दिया है कि वे खून-खराबे के पक्ष में नहीं हैं और वे देश के दुख में शामिल हैं।

### जम्मू-कश्मीर का विकास बाधित न हो : उमर

**श्रीनगर (भाषा)।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि केंद्र सरकार 'शीर्ष स्तर पर' यह सुनिश्चित करना चाहती है कि पहलगाम आतंकवादी हमला जम्मू-कश्मीर में शासन और विकास की प्रक्रिया को पटरी से न उतारे। उमर ने सिविल सचिवालय में शीर्ष अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक को संबोधित किया। उमर ने जम्मू-कश्मीर के विकास के लिए व्यापक राष्ट्रीय समर्थन पर बात करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ अपनी हालिया बैठक का ब्योरा साझा किया।

### दृढ़ता से जवाब दिया जाना चाहिए : सचिन पायलट



*जयपुर। कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने सोमवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के मामले में केंद्र सरकार को दृढ़ता से मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए। पायलट ने कहा कि इस मामले में कांग्रेस पार्टी व समूचे विपक्ष ने केंद्र सरकार का समर्थन किया है। पायलट, उदयपुर में संवाददाताओं को संबोधित कर रहे थे। पायलट ने पहलगाम आतंकी हमले के बारे में पूछे जाने पर कहा, "क्या और कैसे कार्रवाई करनी है ये तो केंद्र सरकार जानती है।*

---

**धामी-चौहान ने की योजनाओं की समीक्षा**

## कृषि तथा ग्रामीण क्षेत्रों को सशक्त बनाने को केंद्र सरकार निरंतर कर रही सहयोग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ देहरादून



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को देहरादून में एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में राज्य में केंद्र सरकार की विभिन्न कृषि और ग्रामीण विकास योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री धामी ने केंद्रीय मंत्री का उत्तराखंड में स्वागत किया और कृषि तथा ग्रामीण क्षेत्रों को सशक्त बनाने के लिए केंद्र सरकार के निरंतर सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।चौहान ने कहा कि किसानों को लभा दिलाने के लिए केंद्र सरकार प्रयासरत है।

## टैरिफ को लेकर तत्काल बातचीत शुरू हो, भारत बेहतर समझौता करने में सक्षमः राहुल

**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शुल्क (टैरिफ) में बदलाव की घोषणा किए जाने के बाद अब भारत सरकार को अमेरिका के साथ तत्काल बातचीत करनी चाहिए क्योंकि भारत एक बेहतर समझौता करने की क्षमता रखता है। राहुल गांधी ने यह टिप्पणी बीते 21 अप्रैल को अमेरिका में ब्राउन विश्वविद्यालय के 'वॉटसन इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स' में एक संवाद सत्र के दौरान की थी। बातचीत का वीडियो शनिवार को 'वॉटसन इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स' के यूट्यूब चैनल पर अपलोड किया गया था। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने वीडियो कुछ अंश साझा करते हुए फेसबुक पोस्ट में कहा, "भारत के पास कौशल है। अब हमें एक स्पष्ट दृष्टिकोण की आवश्यकता है...अपनी क्षमता के साथ तय दिशा की ओर बढ़ने का समय है।" उन्होंने संवाद सत्र के दौरान कहा कि आज भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती चीन के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए एक उत्पादन प्रणाली विकसित करना, विनिर्माण और नौकरियों का सृजन करना है। उनका कहना था, "उदारीकृत आर्थिक प्रणाली के बिना भारत ऐसा करने में सक्षम नहीं होगा। जो कोई भी सामाजिक प्रगति और जाति संरचनाओं को कमजोर करने की बात करता है, उसे यह भी स्वीकार करना होगा कि ऐसा करने के लिए आपको धन की आवश्यकता है।

---

## सिंधु सहित सहायक नदियों से बनेगा 10 गीगावॉट हाईड्रो-पॉवर, काम शुरू

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार ने सिंधु नदी प्रणाली पर लगभग 12 गीगावॉट अतिरिक्त जलविद्युत उत्पादन की एक महत्वाकांक्षी योजना पर काम शुरू किया है। यह योजना भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने, नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने, और जल संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। विशेष रूप से पहलगाम आतंकी हमले के बाद सिंधु जल संधि को निलंबित करने के फैसले के बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई एक उच्चस्तरीय बैठक में इस योजना की रूपरेखा बनाई गई। बैठक में जलशक्ति मंत्री सीआर पाटील शामिल थे। सूत्रों ने बताया कि योजना के संबंध में अब तक दो बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं। सिंधु नदी के साथ चेनाब, झेलम, सतलुज जैसी इसकी सहायक नदियों पर नए जलविद्युत प्रोजेक्ट्स के माध्यम से 12 गीगावॉट बिजली उत्पादन क्षमता विकसित करने पर तेजी से काम शुरू कर दिया गया है। योजना के मूर्त रूप लेते ही जम्मू कश्मीर ऊर्जा के क्षेत्र में सरप्लस स्टेट बन जाएगा। जहां उपभोग से अतिरिक्त ऊर्जा का उत्पादन हो सकेगा। नए जलविद्युत प्रोजेक्ट्स के लिए अध्ययन शुरू कर दिया गया है। सूत्रों ने बताया कि वर्ष 2030 तक 500 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा की उपलब्धता का लक्ष्य इस योजना से कुलाचें भरता नजर आएगा।

## राफेल पर मजाक उड़ा कांग्रेस सेना का मनोबल तोड़ रही



**अजय पर बरसे सुधांशु त्रिवेदी**

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय की ओर से राफेल को लेकर दिए बयान पर भाजपा ने इसे सेना का मनोबल तोड़ने वाला बताया है। भाजपा ने कहा कि सीमा पार से पाकिस्तानी सेना गोलीबारी कर रही है, वहीं सीमा के इस पार से इंडी गठबंधन के नेता सेना को निशाना बना रहे हैं। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के नेताओं के बयान भारतीय सेना के मनोबल को कमजोर करने के लक्ष्य से किए जाते हैं। इंडी गठबंधन के नेता मुखौटा लगाकर यह भी कहते हैं कि वो सरकार के साथ हैं, लेकिन वैसा ही है जैसा कि पाक यहां पर अपनी गतिविधियां चलाता है और उसका इन गतिविधियों से कोई लेना-देना नहीं है। कांग्रेस और इंडी गठबंधन के नेता भारतीय सेना को लक्ष्य कर रहे हैं। उन्होंने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी और उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय के बयान का जिक्र किया।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजा**, **पुत्र** : करतार सिंह, **पताः** गाँव–बरोना, जिला–सोनीपत, हरियाणा, खरखोदा, सोनीपत, हरियाणा, ने मुकदमा **FIR No. 311/2021 U/s 38/33/58, D.E. Act & 482 IPC, थानाः मायापुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजा** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 311/2021 U/s 38/33/58, D.E. Act & 482 IPC, थानाः मायापुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राजा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.06.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री कोमल गर्ग
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी–03
कमरा नं. 292, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/5654/WD/2025
(Court Matter)

---

## पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तानी हैकर्स के 10 लाख हमले बेअसर, विशेषज्ञों ने बढ़ाई चौकसी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के साथ ही पाकिस्तानी हैकर समूहों द्वारा भारतीय रक्षा और अन्य संवेदनशील वेबसाइटों पर साइबर हमलों की घटनाएं तेजी से सामने आई हैं। साइबर हमले न केवल तकनीकी चुनौती पेश करते हैं, बल्कि भारत के खिलाफ सूचना युद्ध और मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने की रणनीति का हिस्सा माने जा रहे हैं। भारतीय साइबर सुरक्षा एजेंसियों और सेना ने इन हमलों को विफल करने में प्रभावी भूमिका निभाई है। हमलों की रियल-टाइम पहचान और प्रभावित सिस्टम को अलग कर तुरंत रक्ष कवच बनाने में विशेषज्ञों ने त्वरित गति से काम किया। सत्ता प्रतिष्ठान से जुडे विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि एपीएस श्रीनगर पर डीडीओएस हमले के बाद सिस्टम को तुरंत सुरक्षित करना चुनौतीपूर्ण था लेकिन उसे भी नियत समय में पूरा किया गया। हैक हुई वेबसाइटों को तुरंत ऑफलाइन कर जांच शुरू की गई और बाद में बहाल किया गया। अतिरिक्त सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू किए गए।

### रक्षा से जुड़ी वेबसाइटों को बनाया निशाना

विशेषज्ञों ने रेड टीम असेसमेंट, डीडीओएस फेलओवर टेस्ट, और सिस्टम ऑडिट को अनिवार्य करने की सलाह सभी संवेदनशील संस्थानों को भेजी है। सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तानी हैकर समूहों, साइबर ग्रुप हॉक्स 1337, नेशनल साइबर क्रियू, पाकिस्तान साइबर फोर्स, इंटरनेट ऑफ खलीफा (आईओएफ) ने भारत की रक्षा, शिक्षा, और कल्याण से जुड़ी वेबसाइटों को निशाना बनाया। ये हमले मुख्य रूप से पहलगाम हमले के बाद शुरू हुए अब तेज हुए हैं। महाराष्ट्र साइबर सेल ने केंद्रीय गृहमंत्रालय को जो रिपोर्ट भेजी है उसके अनुसार, पहलगाम में हुए आतंकी हमले 22 अप्रैल से 2 मई तक देश के विभिन्न महत्वपूर्ण वेबसाइटों पर 10 लाख से अधिक साइबर हमले हुए, जिनमें पाकिस्तान के साथ-साथ मध्य पूर्व, इंडोनेशिया, और मोरक्को से संचालित इस्लामिक हैकिंग समूह टीम इनसाने पीके शामिल थे।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प कैथल | कैथल जिले में पापसर से ककराला रोड (कंगथाली से पापसर) तक विशेष मरम्मत (आईडी 7009) (ओडीआर) (गुहला निर्वाचन क्षेत्र) एससी/एसपी स्कीम। | बंद होने की तिथि 12.05.2025 | 249.99 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466390260 PWDEEPD2KTL@GMAIL.COM |
| 2 | लोनिवि भ व प करनाल | करनाल जिले में इन्द्री निर्वाचन क्षेत्र में गांव गढ़पुर तापुर और मुसेपुर में यमुना नदी के गाइड बंध में दरार की वजह से क्षतिग्रस्त (बाढ़ से हुई क्षतियों) रंदोली बंध से जापती छापरा रोड (रोड आईडी-7192) (ओडीआर) लम्बाई 6.400 कि.मी. पर बाढ़ से हुई क्षतियों के पुनरोद्धार के लिए विशेष मरम्मत का कार्य + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 09.05.2025 | 32.30 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-karnal@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प कैथल | जिला न्यायालय कैथल में वॉल पैनलिंग और फॉल्स सीलिंग (14 कोर्ट कमरों और शेष स्टाफ कमरों में) का पुनरोद्धार व फिक्सिंग। | बंद होने की तिथि 08.05.2025 | 40.69 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896070157 pwd-eepd-kaithal@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प हिसार | हरियाणा राज्य में दादरी चिरया रोड (रोड आईडी-2440) (एमडीआर-124) कि.मी. 30.55 से 48.57 को चौड़ा करना और मजबूतीकरण (सीआरआईएफ स्कीम के तहत) (इलैक्ट्रिकल यूटिलिटीज की शिफ्टिंग का प्रावधान केवल) + 1 कार्य। | 02.05.2025 12.05.2025 | 652 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | हरियाणा रोडवेज, दिल्ली में मौजूदा रूफ शीट्स को बदलना और शेड का प्रावधान। | बंद होने की तिथि 08.05.2025 | 15.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम जिले में जीवीडी सिलानी के नये भवन का निर्माण। | बंद होने की तिथि 08.05.2025 | 23.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 7 | लोनिवि भ व प हिसार | फतेहाबाद जिले में टोहाना भुना रोड आरडी 0.00 से 16.500 (ओडीआर) पर चौड़ा करने और मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा रोड का सुधार। (सीएम घोषणा कोड 27231 दिनांक 23.01.2023) (अमानी फाटक से बुवान तक एचटी/एलटी लाइंस की शिफ्टिंग का प्रावधान केवल)। | 02.05.2025 08.05.2025 | 145 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 8 | जिला परिषद पलवल | रोहता पट्टी से नवलगढ़ रोड तक सम्पर्क सड़क को चौड़ा करना और मजबूतीकरण रोड आईडी-816 + 1 कार्य। | 02.05.2025 09.05.2025 | 403 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9582622008 prexeengzppwl@gmail.com |
| 9 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा करनाल | बाढ़ ऋतु 2025 से पूर्व आरडी 6615 से 45000 तक घोलपुर माइनर की मरम्मत, रखरखाव और आंतरिक सफाई + 10 कार्य। | 01.05.2025 09.05.2025 | 41.07 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0184-2255291 knldivn335@gmail.com |
| 10 | पंचायती राज ब्लॉक बाढड़ा | गांव डोहका दिना में ग्राम सचिवालय, एससी चौपाल में शौचालय का निर्माण (डी-प्लान)। | 01.05.2025 08.05.2025 | 5.37 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416927275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 11 | पंचायती राज ब्लॉक चरखी दादरी | गांव कन्हेटी में खेत रास्ता (सूरज कुमार का मकबरा मोरवाला रोड से जगदेव के खेत तक) की पेवमेंट। | 30.04.2025 07.05.2025 | 14.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416927275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 12 | पंचायती राज ब्लॉक चरखी दादरी | गांव बिरही कलां में आदर्श धर्मशाला को पूरा करना, वीएएनजीवाई + 2 कार्य। | 30.04.2025 07.05.2025 | 29.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416927275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 13 | पंचायती राज सोनीपत | गांव हरसाना कलां में गंदे तालाब (नीमली वाला तालाब) का विकास + 1 कार्य | बंद होने की तिथि 12.05.2025 | 33.43 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeengzp.snp@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच–11/2026/260/34465/I/88/6 दि. 05.05.25

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25

**खबर संक्षेप**

### नेपाली संसद ने की भारत से उच्च स्तरीय बातचीत की मांग

**काठमांडू।** नेपाल की संसद के निचले सदन ने सोमवार को देश की सरकार से भारत के साथ उच्च स्तरीय कूटनीतिक वार्ता करने की मांग की है, ताकि ओडिशा के कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी में पढ़ने वाली नेपाली छात्रा की मौत की जांच की जा सके। इससे एक दिन पहले नेपाल की संसद के ऊपरी सदन (नेशनल असेंबली) ने भी इसी प्रकार की सिफारिश सरकार को दी थी। प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष देवराज घिमिरे ने सोमवार को सरकार को यह निर्देश जारी किया कि वह भारत सरकार से इस विषय में उच्च स्तरीय संवाद शुरू करे।

### मस्क ने एक्स पर अपना नाम गोर्कलोन रस्ट रखा

**वॉशिंगटन।** इलॉन मस्क ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर



अपना डिस्प्ले नाम बदलकर 'गोर्कलोन रस्ट' कर लिया है। साथ ही उन्होंने अपनी प्रोफाइल फोटो भी बदल दी है। मस्क ने ग्रोक नाम के अपने एआई चैटबॉट के पैरोडी अकाउंट एटगोर्क को टैग करते हुए लिखा- हैलो एटगोर्क, मैंने अपनी प्रोफाइल फोटो तुम्हारी प्रोफाइल फोटो जैसी कर ली है, कैसा लगा? इस पर एटगोर्क अकाउंट ने जवाब दिया- ठीक लग रही है, लेकिन क्या मेरा पूरा चेहरा ही कॉपी करना जरूरी था?

## राजनाथ सिंह और जापानी रक्षा मंत्री के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक

# जापान ने आतंकवाद की निंदा की, भारत को एकजुटता के साथ पूर्ण समर्थन की पेशकश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को नई दिल्ली में भारत-जापान रक्षा मंत्रिस्तरीय बैठक में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने पहलगाम हमले के बाद जापान की तरफ से मिले समर्थन पर आभार व्यक्त किया। रक्षा मंत्री ने जापान के रक्षा मंत्री जनरल नाकातानी के साथ द्विपक्षीय बैठक की। दोनों पक्षों के बीच वर्तमान क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया। साथ ही द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और गहरा करने के तरीकों पर भी चर्चा की गई। दोनों पक्षों ने भारत-जापान रक्षा औद्योगिक सहयोग को बढ़ावा देने के तौर-तरीकों पर भी विचार-विमर्श किया।

भारत-जापान रक्षा मंत्रिस्तरीय बैठक में शामिल होने के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं जापान सरकार का पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के साथ मजबूत एकजुटता दिखाने के लिए धन्यवाद करता हूं। मैं इस अवसर पर भारत-जापान रक्षा संबंधों को गहरा करने में आपके बड़े योगदान की सराहना करता हूं। रक्षा मंत्री के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल एक्स से इस मुलाकात का ब्योरा दिया गया।

**रक्षा सहयोग को और मजबूत करने पर सहमत** | **क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा पर की बातचीत**



#### दोनों देशों के बीच विशेष साझेदारी

राजनाथ सिंह ने एक्स पर लिखा कि नई दिल्ली में जापान के रक्षा मंत्री जनरल नाकातानी जेन से मिलकर बहुत खुशी हुई। भारत और जापान के बीच विशेष, रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी है। द्विपक्षीय बैठक के दौरान हमने रक्षा सहयोग और क्षेत्रीय सुरक्षा पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने किसी भी प्रारूप में आतंकवाद की निंदा की और सीमा पार खतरों का मुकाबला करने के लिए सहयोग और संयुक्त प्रयासों को बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। नाकातानी जेन ने पहलगाम हमले के मद्देनजर भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की और भारत को पूर्ण समर्थन देने की पेशकश की।

#### रक्षा और सुरक्षा संबंधों के महत्वपूर्ण स्तंभ

राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत और जापान के बीच दीर्घकालिक मित्रता है। 2014 में इस सहयोग को विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी में शामिल करने के बाद दोनों देशों की इस मित्रता ने नई गति प्राप्त की है। रक्षा और सुरक्षा दोनों देशों के बीच संबंधों के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। रणनीतिक मामलों पर बढ़ते समन्वय के कारण हाल के वर्षों में भारत और जापान के बीच रक्षा आदान-प्रदान को बल मिला है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र की शांति, सुरक्षा और स्थिरता के मुद्दों पर साझा दृष्टिकोण से इसका महत्व बढ़ रहा है।

#### छह महीने के भीतर दूसरी बैठक

यह मुलाकात लाओ पीडीआर में आसियान रक्षा मंत्रियों की 'मीटिंग-प्लस' के अवसर पर नवंबर में हुई उनकी पहली मुलाकात के बाद छह महीने के भीतर दोनों रक्षा मंत्रियों के बीच दूसरी बैठक थी। उस बैठक में, सिंह और जनरल नकातानी ने दोनों देशों की सेनाओं के बीच अधिक अंतर-संचालन के लिए आपूर्ति और सेवा समझौते के पारस्परिक प्रावधान पर विचार-विमर्श किया था। यदि पारस्परिक आपूर्ति एवं सेवा समझौता हो जाता है, तो इससे दोनों देशों की सेनाओं को उपकरणों की मरम्मत और आपूर्ति के लिए एक-दूसरे के ठिकानों का उपयोग करने की सुविधा मिलने के साथ ही समग्र रक्षा सहयोग को बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। माना जाता है कि दोनों पक्षों ने पूर्वी और दक्षिणी चीन सागर के रणनीतिक जलक्षेत्र में स्थिति की भी समीक्षा की, जहां बीजिंग अपनी सैन्य स्थिति बढ़ा रहा है।

#### जापानी प्रतिनिधिमंडल की असम सीएम से चर्चा



जापान के हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव्स के अध्यक्ष नुकागा फुकुशिरो के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को असम की तीन दिवसीय यात्रा पूरी की। उन्होंने सीएम हिमंत विश्व शर्मा से मुलाकात की और आपसी हितों के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। बाद में राज्यपाल और असम विधानसभा अध्यक्ष द्वारा उनके सम्मान में आयोजित रात्रिभोज में भाग लिया। प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को अमीनगांव में एक आगामी जापान-सहायता प्राप्त कौशल प्रशिक्षण केंद्र और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), गुवाहाटी तथा जगीरोड में टाटा के प्रस्तावित सेमीकंडक्टर संयंत्र का दौरा किया। सीएम ने रविवार को कहा कि फरवरी में उनके जापान दौरे के बाद से यह राज्य का चौथा उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल दौरा था।

**हमास पर दबाव बनाने की तैयारी**

## गाजा में सैन्य अभियान तेज करेगा इजराइल, सुरक्षा कैबिनेट ने दी मंजूरी

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव



इजराइल ने सोमवार को गाजा पट्टी के पूरे हिस्से पर कब्जा करने और अनिश्चित समय तक वहां बने रहने की योजना को मंजूरी दे दी। इजराइल के दो अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार के शीर्ष मंत्रियों की एक प्रभावशाली सुरक्षा कैबिनेट ने सोमवार सुबह बैठक में गाजा में अभियान तेज करने पर चर्चा की। इस योजना के तहत अधिक फिलिस्तीनी क्षेत्र पर दावा किया जाएगा। वहीं, इस पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक विरोध सामने आ सकता है। इजराइल के अधिकारियों ने कहा कि इस योजना में 'पट्टी पर कब्जा करना और क्षेत्रों को नियंत्रण में लेना' शामिल है। इस योजना में चरमपंथी हमास समूह को मानवीय सहायता वितरित करने से रोकने की भी कोशिश की जाएगी, जिसके बारे में इजराइल का कहना है कि इससे गाजा में समूह का शासन मजबूत होगा। अधिकारियों ने कहा कि इस योजना में हमास के ठिकानों पर शक्तिशाली हमले करना भी शामिल है। इससे कुछ घंटे पहले ही इजराइल के सेना प्रमुख ने कहा था कि सेना हजारों सैनिकों को तैयार रहने के लिए कह रही है। अधिकारियों के अनुसार इस नयी योजना का मकसद इजराइल को हमास को हराने और गाजा में बंधक बनाए गए लोगों को मुक्त कराने के लक्ष्यों को हासिल करने में मदद करना है। यह योजना हजारों फिलिस्तीनियों को दक्षिण गाजा की ओर धकेलने में मददगार हो सकती है।

### पर्यटक नौकाएं पलटीं, नौ लोगों की हुई मौत


**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन की सबसे लंबी नदी यांग्त्जी की एक सहायक नदी वू में अचानक आए तूफान में बारिश और ओलावृष्टि के बाद चार नौकाएं पलट गईं। हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई और एक लापता हो गया। सरकारी प्रसारक सीसीटीवी ने बताया कि रविवार दोपहर को गुइझोउ प्रांत के दर्शनीय क्षेत्र में तेज हवाओं के कारण 80 से अधिक लोग वू नदी में गिर गए। शुरुआती रिपोर्टों में कहा गया था कि दो पर्यटक नौकाएं पलट गईं, लेकिन सोमवार को कहा कि चार नौकाएं हादसे का शिकार हुईं। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि अन्य दो नौकाओं में कोई पीड़ित था या नहीं। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने लापता लोगों को खोजने और घायलों की देखभाल के लिए पूरी ताकत से प्रयास करने का आह्वान किया। शी के प्रशासन ने चीन के परिवहन क्षेत्र में ऐसे हादसों को रोकने के लिए कई अभियान चलाए हैं।

**सेना तैनाती से इनकार पर मेक्सिको पर बिफरे ट्रंप**

## शिनबाम नशा तस्करों से डरी हुई, वे सीधा सोच नहीं सकती

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को बताया कि मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने मैक्सिको में अमेरिकी सैनिकों की तैनाती के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। ट्रंप ने इस पर नाराजगी जताई और आरोप लगाया कि शिनबाम मैक्सिको के ताकतवर



नशा तस्करों से डर गई हैं। ट्रंप का यह बयान क्लाउडिया शिनबाम के उस बयान के एक दिन बाद सामने आया है, जिसमें क्लाउडिया ने बताया कि ट्रंप, मैक्सिको में अमेरिकी सैनिकों की तैनाती का दबाव बना रहे हैं। हालांकि क्लाउडिया ने इससे इनकार कर दिया था। ट्रंप ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि वे (क्लाउडिया शिनबाम) नशा तस्करों से बेहद डरी हुई हैं कि वे सीधा सोच भी नहीं सकतीं। ये ही इनकार की वजह है। हालांकि वह एक अच्छी महिला हैं। ट्रंप प्रशासन ने नशा तस्करी रोकने के लिए मैक्सिको से लगती दक्षिणी सीमा पर सेना की तैनाती बढ़ाई है। साथ ही अवैध अप्रवासियों को रोकने के लिए भी सेना की भूमिका बढ़ाई गई है। शिनबाम ने कहा था कि संप्रभुता बिक्री के लिए नहीं है। संप्रभुता को प्यार किया जाता है और उसकी रक्षा की जाती है।

**चिनाब नदी पर बने सलाल बांध के सभी गेट बंद**

## जल स्तर में आई गिरावट, लोग बोले- 'हम सरकार के साथ'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने चिनाब नदी पर बने बगलिहार बांध और सलाल बांध को बंद कर दिया है। सलाल बांध के गेट बंद होने के बाद से सोमवार को रियासी जिले में चिनाब नदी के जलस्तर में काफी गिरावट देखने को मिली है। वहीं, रामबन में चिनाब नदी पर बगलिहार जलविद्युत परियोजना बांध के जल प्रवाह को भी रोका गया। स्थानीय व्यक्ति दिनेश और राधेश्याम ने



जल कम होने के बाद नदी में टहलते लोग

कहा कि हमें खुशी है कि सरकार ने पाकिस्तान की तरफ पानी का प्रवाह रोक दिया है।

### पुंछ के सुरनकोट में गोला-बारूद बरामद

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में स्थानीय पुलिस और सेना की रोमियो फोर्स ने सुरनकोट गांव में संयुक्त अभियान के दौरान एक संदिग्ध आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ किया। इस ठिकाने से गोला-बारूद और अन्य सामान बरामद किया गया है। पुंछ पुलिस ने संदिग्ध ठिकाने की तस्वीरें जारी की हैं। अधिकारियों के अनुसार, यहां से पांच इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी), कई रेडियो सेट, तार, दूरबीन और कंबल बरामद किए गए हैं।




Terms and Conditions apply. **Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. **The interest rates, down payment, and tenure options are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. **The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. #Cashback Offer available on selected models for EMI transactions made using IDFC FIRST Bank credit cards through Pine Labs machines only. #Customers can avail 5% Instant cashback, up to a maximum of ₹ 5000. #Valid on one transaction per card/order during the offer period. #The scheme is available in selected outlets only. *3 Years Free Service Maintenance Package is available only on Deluxe variant of Activa 110 and Activa 125. *For detailed Terms and Conditions of the 3-Year Free Service Maintenance Package worth ₹ 5500, kindly contact authorised main dealers and associate dealers. *Above scheme can be withdrawn at any time without prior intimation. All offers are valid until 31st May 2025. ^Limited period special price is for Activa 110cc Std OBD2B variant in Haryana State, for details on limited period special price kindly contact authorized main dealer and associate dealers. The features shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1 , Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: HARYANA: AMBALA CANTT:** Auto World Honda - 0171-2641189, 9996311223; **AMBALA CITY:** S.D. Honda - 9992244787, 9992827777; Samrithi Honda - 9053005600, 9053005610; **MAHESH NAGAR:** Auto World Honda - 9416680450, 7374002045; **NARAINGARH:** SD Honda - 8708886452; **BARARA:** Harmilap Honda - 8295422108, 9416195131; **SAHA:** Milan Honda - 08222000203, **JAGADHARI:** Shiv Shankar Honda - 9355320200, 9355320111; **BILASPUR**: Bakshi Honda - 9934390054; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9312655454; **GAUNCHI:** Kabir Honda - 9599396896; **BHIWANI:** MRM Honda - 9992888908, 9992888910; **CHARKHI DADRI:** MRM Honda - 9992888914, 9992888908; **BAWANI KHERA:** ASR Honda - 7056710107; **BADHRA:** SS Honda - 9991940444; **TOHANA:** Bharat Honda - 9728435800; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 0129-4006142, 9899913146; Faridabad Honda - 9953547023, 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **FATEHABAD:** Manjhu Honda - 9992221831, 9992221836, 9992221837; **RATIA:** Avni Honda - 9466410724, 8168871488; **GURUGRAM:** Big Swing Honda - 9212168811, 9355990083, 9773548811; Ganpati Honda - 0124-4630500, 9910894235; Yume Honda - 0124-4577444, 9818250011, 9560380444; Malwa Gurugram Honda - 8595521151, 9311980996; **BADSHAHPUR GURUGRAM:** 9773548811; **KHANDSA ROAD GURUGRAM:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507, 9289223502; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 0124-4423500, 9910894233; Yume Honda - 0124-4566999, 9650186777; **SEC- 52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222, 9266668820; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **SEC - 82 GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9220309621, 9220309622; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **HAYATPUR:** JSS Honda - 9992539657; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333, 9813156539; **HISSAR:** Ashwani Honda - 9992220141, 9992220142; Malik Autos Honda - 9896648808, 8572888882; **HANSI:** Malik Autos Honda - 8572888818; **BARWALA:** Malik Autos Honda - 8572888814; **ADAMPUR:** Malik Autos Honda - 8572888822, 8572888813; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837, 8607200651; **BAHADURGARH:** Shri Balaji Honda - 9896297567, 7404533495; **JIND:** S.J Jind Honda - 9350984119, 9878318885; **NARWANA:** Shivam Honda - 9728090375, 9812318005; **KAITHAL:** Kaithal Honda - 9991825394, 9996025394; **CHEEKA:** Kaithal Honda - 9541021041; **PUNDRI:** Lakhan Pal Honda - 9416847289; **KARNAL:** Ess Kay Honda - 9053554321, 9992822555; Rahul Karnal Honda - 9813100005; **ASSANDH:** Raman Honda (Assandh) - 9896678058; **GHARAUNDHA:** Esskay Honda - 9812136979; **NISSING:** Royal Honda - 8930929000; **INDRI:** Kalra Honda - 9996909466; **KURUKSHETRA:** Arsh Honda - 8053444441, 7027044402; Singla Honda - 8930900011, 9467766711; **LADWA:** Deepak Honda - 9812077382; **PEHOWA:** Chirag Honda - 9812666668; **MAHENDERGARH:** White Feather Honda - 01285-220100, 9416574455; **NARNAUL:** BRS Honda - 8607862777,9050109779; **ATELI:** Shiva Honda - 8053782800; **KANINA:** Suraj Honda - 9466082883; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100, 7056574100; **HODAL:** Mukund Honda - 8814003484, 8053339555; **PANIPAT:** L.K. Honda - 7876767800; Malik Honda - 9382938293; **MADLOUDA:** Puneet Honda - 8813050100; **MODEL TOWN (Panipat):** L.K. Honda - 8059900603; **SAMALKHA:** L.K. Honda - 8059900602; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 0172-5057300, 9915495288, 8288007858; **BARWALA PANCHKULA:** Aviate Honda - 8199994719; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **REWARI:** Shree Honda - 9215059220; **REWARI BYEPASS:** Shree Honda - 9416662018; **BAWAL:** Avtar Honda - 9729130036; **NUH:** Sri Madhav Honda - 9050276139; **DHARUHERA:** Shree Honda - 8689065800; **KOSLI:** Dev Honda - 9996772999; **PALHAWAS:** Krishna Honda - 9992186137; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888803, 8684888804; Shri Krishna Honda - 8930303243, 9896655630; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808, 8684840505; **MAHAM:** RS Honda - 9218092190; **SIRSA:** Decent Honda - 9996020993, 9896488013, 9996120990; **ELLENABAD:** R S Honda - 9053442078, 9729542078; **DABWALI:** Decent Honda - 9996688044, 9215720991; **SONEPAT:** Triumph Honda - 0130-2237002, 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK(SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **GOHANA:** Shirin Honda - 8222999406, 8222999408; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921; **YAMUNANAGAR:** Sai Honda - 01732-261420, 9215593704, 9034051285; **ITI CHOWK:** Sai Honda - 8950374020, 9065555525; **RADAUR:** Ganpati Honda - 9896665666, 9034290452; **SADHOURA:** Shree Ganpati Honda - 8901286307. **CHANDIGARH:** Krishna Honda - 0172-5000000, 0172-5041052, 9855146632, 9888601876; Platinum Honda - 9855155999, 9216757444, 9216792163; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 0172-5057300, 9915495288, 8288007858; **BARWALA:** Aviate Honda - 8199994719; **DERABASSI:** Satkar Honda - 8566024511, 8566024513; **MANIMAZRA:** Krishna Honda - 0172-5005758, 8427190632, 9646744346; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **ZIRAKPUR:** Platinum Honda - 8725050051, 8725050052, 8725050060; **MOHALI:** Batra Honda - 7087215231, 7087215237; Platinum Honda - 7374071740, 7719619990; **MULLANPUR:** Platinum Honda - 8725085001; **KHARAR:** Batra Honda - 9056709831; **KURALI:** Batra Honda - 9056709833; **BULLOWAL:** Bedi Honda - 8283000673.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**